**सुविचार**
आपकी जिंदगी बहुत ही अनमोल और सुंदर है इसे फालतू और बेकार बातों में नहीं गवाएं।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi ● Thursday, 17 August 2023 ● Year : 01 ● Issue : 211 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com



रेड साड़ी पहन श्वेता तिवारी ने बिखेरे...

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 65,539.42 |
| निफ्टी | : | 19,465.00 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,590 |
| चांदी | : | 76.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### पूर्व विधायक संजीव सिंह रिम्स से एम्स रेफर

**RANCHI :** रिम्स ने झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह को दिल्ली एम्स रेफर कर दिया है। संजीव सिंह की स्वास्थ्य जांच करायी गयी। साथ ही इलाज से संबंधित सभी बिंदुओं पर गहन जांच की गई। संजीव को रिपीटेड ब्रेन स्ट्रोक हो रहा है। इस कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स से एम्स रेफर करने की अनुशंसा की गई है। रिम्स के चिकित्सा अधीक्षक डॉ हीरेंद्र बीरूआ ने बुधवार को बताया कि मेडिकल बोर्ड की बैठक हुई थी। बैठक में मेडिसिन, सर्जरी, ईएनटी, आई, आर्थो के अलावा संजीव की बीमारी को देखते हुए न्यूरोलॉजी और साइकेट्री विभाग के चिकित्सक को भी बोर्ड में शामिल किया गया था। रिम्स अधीक्षक ने बताया कि धनबाद मंडल कारा के अधीक्षक को सूचना दे दी गयी है।

### भारत को अमेरिका से मिलेंगे 6 अपाचे हेलिकॉप्टर

**NEW DELHI :** अमेरिकी एयरक्राफ्ट मेकर कंपनी बोइंग ने भारतीय सेना के लिए 6 अपाचे लड़ाकू हेलिकॉप्टर्स का प्रोडक्शन शुरू कर दिया है। बोइंग ने साल 2020 में इंडियन एयर फोर्स को एएच-64इ मॉडल के 22 अपाचे हेलिकॉप्टर डिलीवर किए थे। इसके बाद भारतीय सेना ने बोइंग कंपनी से छह अतिरिक्त हेलिकॉप्टर बनाने का समझौता किया। इसमें पहले अपाचे हेलिकॉप्टर का प्रोडक्शन शुरू हो गया है। सभी हेलिकॉप्टर की डिलीवरी 2024 तक होनी है। इन हेलिकॉप्टर्स का निर्माण अमेरिका के एरिजोना में हो रहा है। एएच 64इ अपाचे दुनिया का सबसे एडवांस मल्टी काम्बैट हेलिकॉप्टर है।

### 2.93 करोड़ रुपये का सोना जब्त, आठ गिरफ्तार

**NEW DELHI :** कस्टम विभाग ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) पर एक तस्कर गिरोह का पदार्फाश किया है। कस्टम अधिकारियों ने ताशकंद से आए 8 यात्रियों को गिरफ्तार कर 5.319 किलोग्राम सोने की चेन बरामद की है। सोने की चेन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 2.93 करोड़ रुपये बताई जा रही है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीआईसी) ने बुधवार को एक्स पोस्ट पर ट्विट कर बताया कि ताशकंद से आए आठ लोगों से कस्टम विभाग के अधिकारियों ने 5.319 किलोग्राम सोना की (50 चेन) बरामद किया है।




# दिल्ली से रांची तक 77वें स्वतंत्रता दिवस का जोरदार जश्न

**नई दिल्ली में लाल किले पर ध्वजारोहण के बाद तिरंगे को सलामी देते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व रांची के मोरहाबादी मैदान में उपस्थित अतिथियों का अभिवादन करते सीएम हेमंत सोरेन। (दांए में)**

# झारखंड को लेकर कांग्रेस आलाकमान ने किया मंथन

## दिल्ली में उच्चस्तरीय बैठक, राज्य के नेता भी हुए शामिल

**NEW DELHI/RANCHI :** कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव की तैयारी जोर-शोर से शुरू कर दी है। इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इनक्लूसिव अलायंस (इंडिया) की आने वाले दिनों में मुंबई में होने वाली बैठक से पहले कांग्रेस पार्टी ने अपने संगठन की स्थिति का जायजा लेना शुरू कर दिया है। लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों पर चर्चा के लिए झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष समेत तमाम सीनियर लीडर्स को दिल्ली तलब किया गया। बुधवार को देश की राजधानी में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी के शीर्ष नेता राहुल गांधी और केसी वेणुगोपाल की मौजूदगी में बैठक हुई। बैठक में झारखंड कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडेय भी मौजूद थे। झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि पार्टी की सांगठनिक क्षमता का जायजा लेने के लिए बैठक बुलायी गयी है। इसमें प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झारखंड सरकार के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख के अलावा पार्टी के सांसद और विधायक भी शामिल हुए। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे की मौजूदगी में हुई इस बैठक में झारखंड कांग्रेस के सीनियर लीडर और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय भी शामिल हुए। पार्टी के विधायक और सांसद भी इस मीटिंग में मौजूद रहे। झारखंड की एकमात्र सांसद गीता कोड़ा बैठक में शामिल हुईं। बता दें कि अगले साल यानी वर्ष 2024 में लोकसभा के चुनाव होंगे। इसकी तैयारी में सभी पार्टियां जुटीं हुईं हैं। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की अगुवाई में चल रही सरकार को टक्कर देने के लिए इंडिया का गठन तो हो गया है, लेकिन अभी से दलों में गांठ स्पष्ट दिखने लगी है।


**दिल्ली में बैठक करते घटक दल इंडिया के नेता ● एजेंसी**

### डुमरी उपचुनाव : इंडिया और एनडीए प्रत्याशी का नामांकन आज

**RANCHI :** हेमंत सोरेन सरकार के शिक्षा मंत्री रहे झारखंड मुक्ति मोर्चा के कद्दावर नेता जगरनाथ महतो के निधन से रिक्त हुई जिले की डुमरी विधानसभा सीट पर पांच सितंबर को होने वाले उप चुनाव में गुरुवार को नामांकन पत्र भरे जाने का अंतिम दिन है। जानकारी के मुताबिक अंतिम दिन स्व जगरनाथ महतो की पत्नी, हेमंत सरकार की कैबिनेट मंत्री बेबी देवी इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल करेंगी। उधर, एनडीए उम्मीदवार के रूप में आजसू पार्टी की नेता यशोदा देवी भी गुरुवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। बताया गया कि इस दौरान केन्द्रीय मंत्री और भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अन्नपूर्णा देवी, गिरिडीह के सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी, आजसू प्रमुख सुदेश महतो समेत कई पूर्व सांसद, विधायक एवं एनडीए गठबंधन के नेता कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### नूंह के बाद पानीपत में तनाव, मस्जिद में तिरंगा लेकर घुस गई भीड़

**PANIPAT :** हरियाणा के पानीपत जिले के समालखा कस्बे में तनाव की स्थिति पैदा हो गई है। तिरंगा यात्रा निकाल रहे सैकड़ों लोग मस्जिद के अंदर घुस गए और हिंदूवादी नारेबाजी की। इसके बाद से कस्बे में तनाव का माहौल बना हुआ है। इस घटना का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें दिखता है कि कुछ युवाओं का ग्रुप हाथों में डंडे लिए दिख रहा है। इसके अलावा वे तिरंगा और भगवा झंडे भी लिए दिख रहे हैं। वीडियो के मुताबिक ये लोग बाइक से तिरंगा रैली निकालते हैं और इसी दौरान सराय मोहल्ला में स्थित मस्जिद के मुख्य द्वार पर आकर खड़े हो जाते हैं। इनमें से कुछ लोग जबरदस्ती ही मस्जिद के अंदर घुस जाते हैं और फिर वे तभी निकलते हैं, जब पुलिस मौके पर पहुंचती है। इन लोगों में से कई मस्जिद के अंदर घुसकर हिंदूवादी नारे लगाते हुए भी दिखते हैं। घटना के बाद मुस्लिम समुदाय के युवकों साजिद, सारिफ, जुलफान और इमरान ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मांग की कि आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

# मथुरा में तोड़फोड़ पर SC ने लगाई रोक

## कृष्ण जन्मभूमि के पास बनी रहेगी यथास्थिति

**AGENCY NEW DELHI :** मथुरा में कृष्ण जन्मस्थान मंदिर के पीछे के हिस्से में तोड़फोड़ पर यथास्थिति बनाए रखने का सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है। यहां रेलवे की तरफ से अवैध बस्तियों हटाने का काम चल रहा था। रेलवे के एक्शन में अभी तक करीब 100 मकान तोड़े गए थे। बुधवार को हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने रेलवे की कार्रवाई पर 10 दिन के लिए रोक लगा दी है, जबकि इस मामले की अगली सुनवाई 7 दिन के बाद होगी। इस मामले के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने रेलवे और उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया गया है। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की पीठ मामले की सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता की तरफ से यह अपील की गई थी कि रेलवे ने अतिक्रमण के लिए 100 से अधिक घरों पर बुलडोजर चला दिया है। याचिकाकर्ता की सुप्रीम कोर्ट से मांग थी कि इस कार्रवाई पर रोक लगनी चाहिए। पक्ष को सुनने के बाद तीन जजों की पीठ ने इसपर 10 दिनों का स्टे लगा दिया है। इस मामले पर सात दिन बाद सुप्रीम कोर्ट में फिर सुनवाई होगी। तब सुप्रीम कोर्ट सरकारी पक्ष को सुनेगा। हाल ही में रेलवे अधिकारियों ने मथुरा स्टेशन के पास श्रीकृष्ण जन्मभूमि के पीछे रेलवे की जमीन से सैकड़ों अवैध घरों और दुकानों को ध्वस्त करना शुरू कर दिया। स्थानीय निवासी याकूब शाह ने योगी आदित्यनाथ की सरकार और रेलवे की पहल को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। उन्होंने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि अब तक करीब 100 घर तोड़े जा चुके हैं, लगभग 70 घर बरकरार हैं। संयोग से, 'श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट' नामक एक संगठन ने इस महीने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।



### कोर्ट में महिलाओं के लिए नहीं होगा कई शब्दों का इस्तेमाल

अदालतों में महिलाओं के लिए इस्तेमाल होने वाले आपत्तिजनक शब्दों पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने जेंडर स्टीरियोटाइप कॉम्बैड हैंडबुक लॉन्च की है। इसमें जजों को निर्देश दिए गए हैं कि दलिलों और आदेशों के दौरान महिलाओं के लिए ऐसे रूढ़िवादी शब्दों का प्रयोग ना किया जाए जो कि आपत्तिजनक हैं। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने इस हैंडबुक को लॉन्च करते हुए कहा कि इससे जजों और वकीलों दोनों के लिए आसानी होगी और महिलाओं पर आपत्तिजनक शब्द प्रयोग करने से बचा जा सकेगा। दलीलें देने और आदेश की कॉपी तैयार करने में इस हैंडबुक का इस्तेमाल किया जा सका है। उन्होंने कहा कि जल्द ही यह हैंडबुक सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर भी अपलोड कर दी जाएगी। इस हैंडबुक में ऐसे कई शब्दों का उदाहरण भी दिया गया है जिनका इस्तेमाल दलीलों और आदेश देने के दौरान किया गया। हैंडबुक में बताया गया है कि कैसे ऐसे शब्द कानून के खिलाफ जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जाने या अनजाने में परंपरागत रूप से कई ऐसे शब्दों का इस्तेमाल होता रहा है जिससे महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचती है। ऐसी भाषा से बचना चाहिए। इसी में मदद करने के लिए यह हैंडबुक लॉन्च की गई है।

# खनन कंपनी की गाड़ी से दो की मौत, झरिया में बवाल

## ग्रामीणों ने पोकलेन को फूंका, पुलिस से झड़प

**PHOTON NEWS DHANBAD :** झारखंड के धनबाद जिले के झरिया में खदान का काम कर रही कंपनी की गाड़ी से 2 लोगों की मौत के बाद गांव में माहौल बिगड़ गया। ग्रामीणों ने कम्पनी की पोकलेन मशीन को आग लगा दिया और फिर प्रदर्शन करने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस के साथ भी लोगों ने झड़प की और पुलिस को गांव के बाहर खदेड़ दिया। जिसके बाद पुलिस को फायरिंग करनी पड़ी। हालांकि मामले को शांत कराने के प्रयास किये जा रहे हैं। मौके पर पुलिस के कई आला-अधिकारी भी पहुंचे हैं। घटना लोदना क्षेत्र के कुजामा की है। जानकारी के अनुसार, एटी देव प्रभा आउटसोर्सिंग परियोजना में मंगलवार को ओबी डंपिंग के दौरान हॉलपेक की चपेट में आकर कंपनी के कैंपर वाहन चालक जया चौहान और इंचार्ज राजा कुमार की मौत मौके पर हो गयी। घटना में कैंपर पूरी तरह चपटा हो गया। दोनों मृतक स्थानीय ही थे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। जिसके बाद पोकलेन मशीन में आग लगा दी गई।



### पत्नी के साथ झारखंड क्रांति मोर्चा के शंकर को CRPF ने दबोचा

**LATEHAR :** झारखंड से नक्सलियों के सफाये का अभियान लगातार चल रहा है। सुरक्षा बल के जवान जंगल और पहाड़ की खाक छान रहे हैं। ऐसे ही एक ऑपरेशन के दौरान बुधवार को एक उग्रवादी को उसकी पत्नी के साथ जवानों ने धर दबोचा। इनके पास से हथियार व अन्य सामान भी बरामद हुए हैं। सर्च ऑपरेशन के दौरान जंगल में उग्रवादी संगठन झारखंड क्रांति मोर्चा के शंकर राम एवं उसकी पत्नी कविता भुइयां को जवानों ने देखा। दोनों को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया। उनके पास से तीन देशी कट्टा एवं एक देशी राइफल, पांच जिंदा कारतूस, एक खाली कारतूस, वर्दी, जंगल शूज व पिट्ठू समेत कई सामग्री बरामद की गयी है।

# नक्सली हमले में शहीद अमित पंचतत्व में विलीन

## पलामू जिले के पैतृक गांव में हजारों लोगों ने दी अंतिम विदाई


**PHOTON NEWS PLAMU :** पश्चिमी सिंहभूम जिले में माओवादी हमले में शहीद हुए झारखंड जगुआर के सब-इंस्पेक्टर अमित कुमार तिवारी पंचतत्व में विलीन हो गये। उनके पैतृक गांव पलामू के तोलरा में बुधवार सुबह राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान पलामू के सांसद विष्णुदयाल राम, आईजी राजकुमार लकड़ा, एसपी रिष्मा रमेशन, एएसपी ऋषभ गर्ग, एसडीपीओ सुरजीत कुमार समेत हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। इससे पहले अमित कुमार का पार्थिव शरीर मंगलवार देर रात करीब दो बजे तोलरा गांव स्थित उनके घर पहुंचा था। शहीद के अंतिम दर्शन के लिए रात से ही काफी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ने लगी थी। पार्थिव शरीर घर पर आते ही परिजन रोने लगे। वहां मौजूद सभी की आंखें नम हो गईं। यहां तक कि पार्थिव शरीर के साथ आए पुलिस पदाधिकारी और जवान भी काफी भावुक हो गए। चाईबासा के टोंटो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका जंगल में सोमवार की देर शाम सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस मुठभेड़ में झारखंड जगुआर के 2012 बैच के सब इंस्पेक्टर अमित तिवारी और हवलदार गौतम कुमार बलिदान हो गये। सब इंस्पेक्टर अमित तिवारी पलामू के रेहला थाना क्षेत्र के तोलरा गांव निवासी थे। गौतम बिहार के आरा जिला के रहने वाले थे। दोनों जवानों का पार्थिव शरीर 15 अगस्त को रांची लाया गया था।


**अंतिम विदाई में जुटी भीड़ व इनसेट में झारखंड जगुआर के सब-इंस्पेक्टर अमित कुमार तिवारी ● फोटोन न्यूज**

## चंद्रमा से अब महज 163 किलोमीटर दूर, उतरने के लिए खुद को कर रहा तैयार

# चंदा मामा को चूमने के बिल्कुल करीब पहुंचा चंद्रयान-3

**AGENCY NEW DELHI :** भारत के चंद्रयान-3 ने चंद्रमा पर अपना सफर सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। अब यान चांद की सतह को चूमने के बिल्कुल करीब पहुंच चुका है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बुधवार को घोषणा की कि अंतरिक्ष यान पांचवीं और अंतिम कक्षा कटौती प्रक्रिया से गुजरा है, जो मिशन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 14 जुलाई 2023 को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किया गया चंद्रयान-3 अब चंद्रमा की सतह से अब सिर्फ 163 किलोमीटर दूर है। अंतरिक्ष यान 5 अगस्त को कक्षा में प्रवेश करने के बाद से धीरे-धीरे अपनी कक्षा को कम कर रहा है और कई गतिविधियों के माध्यम से चंद्र ध्रुवीय क्षेत्र पर उतरने के लिए खुद को तैयार कर रहा है। चंद्रयान-3 का चांद की अंतिम कक्षा में प्रवेश 16 अगस्त को सुबह 8:30 बजे से शुरू हुआ, इस दौरान इसकी पूरी निगरानी बेंगलुरु में इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क से की गई। इसरो ने मामले में जानकारी देते हुए कहा, आज की सफलता छोटी अवधि के लिए थी, लेकिन बेहद महत्वपूर्ण थी। इस अंतिम यात्रा की सफलता के बाद चंद्रयान-3 को 153 किमी ७ 163 किमी की कक्षा में स्थापित कर दिया है। चांद की अंतिम कक्षा में एंट्री के बाद अब यान को अगले महत्वपूर्ण ऑपरेशन के तहत लैंडर मॉड्यूल को प्रणोदन मॉड्यूल से अलग करना शामिल है। यह प्रक्रिया 17 अगस्त को होगी। चंद्रयान-3 मिशन 2019 में चंद्रयान-2 की आंशिक सफलता के बाद चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग हासिल करने के भारत का दूसरा प्रयास है। इस प्रयास के सफल होने पर संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस और चीन के साथ भारत इस उल्लेखनीय उपलब्धि को हासिल करने वाला विश्व स्तर पर चौथा देश बन जाएगा।



### आज की तारीख अहम : ISRO

इसरो ने बताया कि 17 अगस्त को होने वाली इस प्रक्रिया में दोनों मॉड्यूल अपनी अलग-अलग यात्रा पर निकलेंगे। कक्षा में रहते हुए प्रणोदन मॉड्यूल लैंडर से अलग हो जाएगा और बाद के लैंडिंग चरण की तैयारी करेगा। अब तक, यह प्रणोदन मॉड्यूल था जो 14 जुलाई से पृथ्वी से अपनी यात्रा के दौरान अंतरिक्ष यान से जुड़ा हुआ था। 17 अगस्त को प्रणोदन मॉड्यूल के अलग होने के बाद प्रोपल्शन मॉड्यूल चंद्रमा के चारों ओर घूमना जारी रखेगा और ग्रह के स्पेक्ट्रम के चारों ओर डेटा इकट्ठा करने के लिए अपने एकल उपकरण के साथ पृथ्वी का निरीक्षण करेगा, जबकि लैंडर अपनी सबसे महत्वपूर्ण यात्रा शुरू करेगा। लैंडिंग चरण में 23 अगस्त को शाम करीब साढ़े पांच बजे यान चंद्रमा के दक्षिण ध्रुवीय क्षेत्र में एक नरम लैंडिंग की कोशिश करेगा, जो यान की सफलता का अंतिम चरण होगा।

### मोदी कैबिनेट: 'पीएम ई-बस सेवा' को मंजूरी

**NEW DELHI :** केंद्र सरकार ने शहरी ई-बस संचालन को बढ़ाने के लिए पीएम ई-बस सेवा को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को 57,613 करोड़ की लागत की परियोजना को मंजूरी प्रदान की। इसमें से 20 हजार करोड़ केंद्र सरकार देगी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि परियोजना के तहत 169 शहरों में पीपीपी मॉडल पर 10 हजार ई-बसें चलाई जाएंगी। ग्रीन अर्बन मोबिलिटी पहल के तहत 181 शहरों में बुनियादी ढांचे को उन्नत किया जाएगा। इस योजना में बस संचालन से जुड़े 10 वर्ष की सहायता भी शामिल होगी। योजना में 3 लाख और उससे अधिक जनसंख्या वाले शहरों को कवर किया जाएगा।

# उत्तराखंड में HEAVY RAIN, 281 सड़कें बंद

**AGENCY DEHRADHUN :** उत्तराखंड में भारी बारिश के चलते प्राकृतिक आपदा का कहर जारी है। पहाड़ों पर बारिश के चलते जोशीमठ ब्लाक के हेलंग कस्बे में एक मकान ध्वस्त हो गया, जिसमें 02 लोगों को जान गंवानी पड़ी जबकि 5 लोगों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं रुद्रप्रयाग जिले के मदमहेश्वर राशि गौंडार का पुल टूटने से दूसरे पार फंसे तीर्थयात्रियों को आज तेजी से सुरक्षित निकालने पर जोर दिया जा रहा है। हेलीकॉप्टर की मदद से कल और आज में कुल मिलाकर 133 से अधिक यात्रियों को सुरक्षित निकाला किया गया। चमोली जिले के जोशीमठ ब्लाक के हेलंग कस्बे में मंगलवार को अचानक एक आवासीय भवन के भरभरा कर गिरने से 07 लोग मलबे में दब गए थे। पुलिस, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीम ने रात भर चले ऑपरेशन में सभी 07 लोगों को मलबे से निकाला। जिसमें से 05 घायल लोगों को जोशीमठ के अस्पताल में भर्ती किया गया है जबकि 02 लोग मृत घोषित किए गए हैं।



BRIEF NEWS

### राज्यपाल ने पुण्यतिथि पर अटल बिहारी वाजपेयी को किया नमन

**RANCHI :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को ट्वीट करके कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन किया है। राज्यपाल ने बुधवार को कहा कि विश्वपटल पर एक आदर्श की प्रतिमूर्ति माने जाने वाले इस महान व्यक्तित्व ने अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा और मानव-कल्याण में समर्पित कर दिया। उनके आदर्श और विचार सदैव सबके लिए प्रेरणादायी है।

### राज भवन में स्वागत समारोह का आयोजन

**RANCHI :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन की उपस्थिति में बुधवार को राज भवन में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में ह्यस्वागत समारोहह्न का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं पत्नी कल्पना सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, सांसद, मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक सहित प्रशासनिक एवं पुलिस सेवा के वरीय अधिकारी, सैन्य अधिकारी, पद्म पुरस्कार से सम्मानित व समाज के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्ति मौजूद थे।

### बाबूलाल की संकल्प यात्रा पर कांग्रेस ने साधा निशाना



**RANCHI :** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की गुरुवार से शुरू होने वाली संकल्प यात्रा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह संकल्प यात्रा नहीं, बल्कि बाबूलाल अपने आप को भाजपा में स्थापित करने के लिए यह यात्रा निकाल रहे हैं। क्योंकि, बाबूलाल जैसे आयातित नेताओं को कमान सौंपने के बाद भाजपा में बेचैनी बढ़ गई है। उन्होंने बुधवार को कहा कि भाजपा के पुराने नेता और कार्यकर्ता भाजपा से दूरी बनाने लगे हैं। यही कारण है कि अपने कार्यकताओं और नेताओं के बीच स्वयं को स्थापित करने के लिए यह संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। सिन्हा ने कहा कि जब मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के साथ अमानवीय व्यवहार किया जा रहा था तब बाबूलाल खामोश क्यों थे। महंगाई, बेरोजगारी, देश की गिरती अर्थव्यवस्था, देश की संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग, महिला खिलाड़ियों का शोषण, समाज में नफरत का माहौल चरम पर है तो बाबूलाल को इन मुद्दों को लेकर यह संकल्प यात्रा निकालनी चाहिए।

### राज्य की राजनीति का स्वास्थ्य बिल्कुल अच्छा : स्वास्थ्य मंत्री

**RANCHI :** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य का राजनीति स्वास्थ्य बिल्कुल अच्छा है। उन्होंने ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स की तुलना नीम, करेला और कुटकी के जूस से ही है। उन्होंने कहा कि इन सबकी वजह से हम मजबूत हो रहे हैं। वे दिल्ली दौरे पर जाने से पहले बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर बुधवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड का राजनीतिक स्वास्थ्य बिल्कुल अच्छा है। क्योंकि, हम जितना करेला, नीम और कुटकी जा जूस पी रहे हैं। इन सबका मतलब ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स से है, उतना हम मजबूत हो रहे हैं। हमारा शरीर सशक्त हो रहा है। उतना हमारा इरादा मजबूत हो रहा है। हमारे लड़ने की क्षमता दक्षता बढ़ रही है। बन्ना ने कहा कि बैठक में राज्यहित की बात रखेंगे। आगामी लोकसभा चुनाव में झारखंड कैसे मजबूत प्रतिनिधित्व करेगा, इससे जुड़ी बातों को रखेंगे। कैसे हमारा संगठन दुरूस्त हो इसकी बात भी रखेंगे। उल्लेखनीय है कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर दिल्ली में कांग्रेस आलाकमान के साथ बैठक है। बैठक में प्रदेश के मंत्री बन्ना गुप्ता, आलमगीर आलम, बादल पत्रलेख, रामेश्वर उरांव, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित कई अहम लोग हिस्सा लेंगे।

स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले की प्राचीर से प्रधानमंत्री का राष्ट्र के नाम संबोधन

# विकसित राष्ट्र के लिए भ्रष्टाचार, परिवारवाद व तुष्टीकरण को मिटाना होगा: NARENDRA MODI

**AGENCY NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को 77वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में देश के बढ़ते कद और अपनी सरकार की उपलब्धियां का जिक्र करते हुए 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि इस संकल्प को पूरा करने के लिए देश को भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण की तीन बुराइयों को छोड़ना होगा।



लालकिले से राष्ट्र संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● फोटोन न्यूज

लालकिले की प्राचीर से देश के नाम अपने 10वें संबोधन में प्रधानमंत्री ने रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की बात करते हुए देशवासियों से विकसित राष्ट्र बनाने के लिए और अधिक परिश्रम करने का आह्वान किया। उन्होंने इसके लिए भारत की एकता को मजबूत करने, श्रेष्ठ भारत की कल्पना को साकार करने, महिला नेतृत्व में विकास को आगे बढ़ाने और क्षेत्रीय आकांक्षाओं को पूरा करने की बात कही। उन्होंने कहा कि इन चार के अलावा पांचवी महत्व की बात है कि हमारा राष्ट्रीय चरित्र, विश्व मंगल के लिए सोचने वाला होना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 2047 तक देश का तिरंगा विकसित भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। इसके लिए शुचिता, पारदर्शिता और निष्पक्षता की जरूरत है। हमें उन बुराइयों से आंख मिचौली बंद करना होगा जिनसे देश सालों से जूझता आ रहा है। यह बुराइयां हैं- भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम में 10 करोड़ लोगों पर कार्रवाई की गई है। यह 10 करोड़ लोग कभी जन्मे ही नहीं। उन्होंने विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाया। पिछले सालों में इस कार्रवाई के तहत 20 गुना ज्यादा जब्ती की गई है। परिवारवाद के तहत राजनीतिक दलों में विकृतियां आई हैं। परिवारवादी पार्टियां केवल अपने लिए काम कर रही हैं। यह परिवारवाद प्रतिभा का दुश्मन है और योग्यता को नकारता है। वहीं, तुष्टीकरण से सामाजिक न्याय सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। इससे देश का राष्ट्रीय चरित्र प्रभावित हुआ है।

**प्रधानमंत्री के भाषण की खास बातें:**

प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति का उल्लेख करते हुए आने वाले समय में गावों में दो करोड़ लखपति दीदी के संकल्प को दोहराया। इस क्रम में उन्होंने घोषणा की कि कृषि क्षेत्र में ड्रोन के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को ड्रोन चलाने और उसे रिपेयर करने की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके लिए सरकार 15 हजार स्वयं सहायता समूहों से शुरूआत करने जा रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने विश्वकर्मा योजना की घोषणा की। उन्होंने बताया कि विश्वकर्मा दिवस पर देश के कामगारों के लिए सरकार योजना लाने जा रही है। उन्होंने बताया कि परंपरागत कलाओं के लिए अगले महीनों में 13 से 15 हजार करोड़ रुपये इस योजना के लिए खर्च किए जायेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देशवासियों ने देश में एक स्थिर सरकार चुनी है। देशवासियों की ओर से चुनी गई स्थिर सरकार के कारण ही वे रिफॉर्म (बदलाव) की ताकत विकसित कर पाए। इसी के चलते नौकरशाही ने ट्रांसफॉर्म के लिए परफॉर्म किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार की 9 साल की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने कहा कि जब हम 2014 में सत्ता में आये तो हम वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में 10वें स्थान पर थे। आज 140 करोड़ भारतीयों के प्रयास से हम पांचवें स्थान पर पहुंच गये हैं, ये ऐसे ही नहीं हुआ। भ्रष्टाचार के जिस राक्षस ने देश को अपनी गिरफ्त में ले रखा था - हमने लीकेज रोकी और एक मजबूत अर्थव्यवस्था बनाई।

प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में मणिपुर के दर्द को आगे रखते हुए कहा कि देश उनके साथ खड़ा है। उन्होंने शांति की अपील करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। साथ ही प्रधानमंत्री ने प्राकृतिक आपदाओं के कारण अपने जनों को खोने वाले लोगों के साथ संवेदना व्यक्त की।

वैश्विक परिदृश्य पर प्रधानमंत्री ने विशेष ध्यान दिलाते हुए कहा कि नई व्यवस्था को भारत के 140 करोड़ लोगों में आकार देने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी और युद्ध के चलते दुनियाभर में महंगाई बढ़ रही है। बड़ी-बड़ी अर्थव्यवस्थायें महंगाई की मार झेल रही हैं। ऐसे में देश ने महंगाई को नियंत्रण में रखा है। सरकार इसे कम करने की दिशा में हर प्रयास कर रही है।

शहरी क्षेत्र में किराए पर रहने वाले लोगों को सरकार घर खरीदने के लिए दिए जाने वाले ऋण में सहयोग करेगी। प्रधानमंत्री ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि मध्यम वर्गीय परिवार अपने खुद के घर का सपना देख रहे हैं। हम उसके लिए भी आने वाले कुछ सालों के लिए एक योजना लेकर के आ रहे हैं और जिसमें ऐसे परिवारजन जो शहरों में रहते हैं, लेकिन किराए के मकान पर रहते हैं, झुग्गी-झोपड़ी में रहते हैं, चाल में रहते हैं, अवैध कॉलोनी में रहते हैं। ऐसे परिवारजन अगर अपना मकान बनाना चाहते हैं तो बैंक से जो लोन मिलेगा उसके ब्याज के अंदर राहत देकर के लाखों रुपयों की मदद करने का हमने निर्णय किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में जगह देश की सत्ता में आए थे। उस समय देश वैश्विक अर्थव्यवस्था में दसवें स्थान पर था। अब यह देश के 140 करोड़ लोगों के प्रयास से पांचवें स्थान पर पहुंच गया है और आने वाले समय में 5 सालों में यह तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। अपनी सरकार की दृढ़ निश्चय क्षमता का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 25 सालों तक नई संसद बनाने का केवल उल्लेख किया जाता था लेकिन हमने समय से पहले संसद को बनाकर तैयार कर दिया।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में देशवासियों को परिवारजन कहकर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अब यह जनसंख्या के मामले में भी दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। देश की क्षमताओं का बखान करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे पास जनसांख्यिकी, लोकतंत्र और विविधता है। इन तीनों में मिलकर देश के सपने साकार करने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि देश में अवसरों और संभावनाओं की कोई कमी नहीं है।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर हर्ष व्यक्त किया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने के लिए सीमावर्ती गांवों से वहां के सरपंच आए हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक इन्हें देश का अंतिम गांव समझा जाता था लेकिन उनकी सरकार ने इन्हें देश के पहले गांव के रूप में पहचान दी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की 'जन औषधि केंद्रों' की संख्या 10,000 से बढ़ाकर 25,000 करने की योजना है। जन औषधि केंद्रों ने लोगों, विशेषकर मध्यम वर्ग को एक नई शक्ति दी है। यदि किसी को मधुमेह है तो मासिक बिल रु. 3000 जमा हो जाते हैं। जन औषधि केंद्रों के माध्यम से, जिन दवाओं की कीमत 100 रुपये है, हम उन्हें 10 से 15 रुपये में दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के प्रयासों का परिणाम है कि उनके 5 साल के कार्यकाल में साढ़े 13 करोड़ गरीब भाई-बहन गरीबी की जंजीरों को तोड़ करके न्यू मिडिल क्लास के रूप में बाहर आए हैं। जीवन में इससे बड़ा कोई संतोष नहीं हो सकता।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मोरहाबादी मैदान में किया ध्वजारोहण

## जनता के सहयोग से एक सशक्त झारखंड का निर्माण करना हमारा संकल्प : हेमंत सोरेन

**PHOTON NEWS RANCHI :** शहर के मोरहाबादी मैदान में स्वतंत्रता दिवस पर मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा और सिद्धो कान्हू को याद करते हुए झारखंड के लोगों को बधाई दी। राजकीय समारोह में उन्होंने परेड का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री के साथ उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी मौजूद थीं। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे। मोरहाबादी में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम का गवाह बनने हजारों लोग पहुंचे थे।



मोराबादी मैदान में परेड का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री। ● फोटोन न्यूज

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम भारत की आजादी के 76वें वर्षगांठ के तौर पर मना रहे हैं लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि लाखों वीर सेनानियों की शहादत के बाद हमें ये दिन देखने को मिला है। मैं उन तमाम स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिनकी बदौलत हमें ये आजादी मिली। मैं बाबा साहब अंबेडकर को धन्यवाद देता हूं, जिनके कारण आदिवासी आज अपना जीवन अच्छे से जी पा रहे हैं।

उन्होंने सरकार की उपलब्धियां भी गिनाईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की जनता के सहयोग से एक सशक्त झारखंड का निर्माण करना हमारा संकल्प है। जनभावना और जन-भागीदारी के साथ हमारी सरकार एक ऐसी व्यवस्था को आकार देने के लिए प्रयासरत है जहां गरीब, वंचित, मजदूर, किसान, आदिवासी, पिछड़े, दलित सबको उनका अधिकार मिल सके। कमजोर से कमजोर व्यक्ति की आवाज भी सत्ता के उच्चतम स्तर तक पहुंचे और शासन-प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ जनता की परेशानियों का समाधान करे। मेरे विचार में यही राष्ट्र की सच्ची सेवा है, यही सच्चा लोकतंत्र है।

**पुरानी पेंशन योजना शुरू :** उन्होंने बताया कि मजबूत इरादे और बुलंद हौसले के साथ हमारी सरकार ने लाखों राज्यकर्मियों के लिए पुरानी पेंशन योजना शुरू की है। राज्य के हजारों पुलिसकर्मी भी अपनी छुट्टी के हकदार हुए हैं। 35 लाख जरूरतमंद को पेंशन, 20 लाख अतिरिक्त लोगों को राशन और 57 लाख से अधिक लोगों को सरकार वर्ष में दो बार वस्त्र प्रदान कर रही है। झारखंड आंदोलनकारियों की पहचान कर उनके आश्रितों और परिजनों को पेंशन और सम्मान देने की मुहिम चलाई जा रही है।

**गांव-गांव पहुंच रही है योजनाएं :** गरीब और वंचित वर्ग के युवा आज विदेशों में शिक्षा ले रहे हैं। योजनाओं की गठरी बनाकर गांव-गांव और पंचायत-पंचायत लाखों जरूरतमंदों के द्वार तक सरकार पहुंची है। राज्य के कई दूरस्थ स्थानों में प्रशासन, देश की आजादी के बाद पहली बार पहुंचा है।

राज्यपाल ने स्वतंत्रता दिवस पर दुमका में किया ध्वजारोहण

## झारखंड की उन्नति में सभी का सहयोग जरूरी, एकजुट हो करें प्रयास : राज्यपाल

**PHOTON NEWS DUMKA :** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस पर राज्य की उप राजधानी दुमका के पुलिस लाइन मैदान में झंडोत्तोलन किया। इस दौरान उन्होंने शहीदों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही राज्यवासियों को बधाई दी। राज्यपाल ने कहा कि झारखंड की उन्नति में सभी का सहयोग जरूरी। उन्होंने राज्य की जनता को आह्वान किया कि आज हम सभी एक समृद्धशाली और खुशहाल झारखंड का निर्माण करने के लिए एकजुट होकर प्रयास करने का संकल्प लें।



दुमका में झंडे को सलामी देते राज्यपाल। ● फोटोन न्यूज

राज्यपाल ने कहा कि विकास का लाभ राज्य के सभी वर्गों को विशेषकर वंचित वर्गों तक पहुंचे। सरकार इस दिशा में प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग से सरकार सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होगी। उन्होंने कहा कि विकास के साथ-साथ हमारी सरकार लोक कल्याणकारी दायित्वों का निर्माण भी पूरी तत्परता के साथ कर रही है। राज्य के सभी वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगों और निःसहाय महिलाओं को सर्वजन पेंशन योजना के तहत पेंशन प्रदान किया जा रहा है। अब तक लगभग 12 लाख से अधिक अतिरिक्त लाभुकों को इस योजना से जोड़ा जा चुका है।

**बेहतर करने वाले सम्मानित :** राज्यपाल ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से हमारे देश ने सभी क्षेत्रों में प्रगति की है। विश्व के मानचित्र पर आज भारत की पहचान एक सफल लोकतांत्रिक देश के रूप में है। विकास की अपनी इस यात्रा में हमने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं लेकिन हमने मिलकर देश के विकास मार्ग में आने वाले हर बाधा और मुश्किल का सफलतापूर्वक सामना किया है। राज्यपाल ने कहा कि झारखंड सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, खेल सभी क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। सरकारी विभागों में शीघ्र नियुक्तियां होने जा रही है। राज्यपाल ने बेहतर कार्य करने वाले को सम्मानित किया।

## डुमरी उपचुनाव में झामुमो उम्मीदवार बेबी देबी को भाकपा करेगी समर्थन

**PHOTON NEWS RANCHI :** भाकपा डुमरी विधानसभा के उपचुनाव में झामुमो के उम्मीदवार बेबी देबी का समर्थन करेगा। भाकपा के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक और वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने बुधवार को संयुक्त रूप से कहा कि डुमरी विधानसभा उपचुनाव झारखंड आंदोलनकारी जगन्नाथ महतो के निधन के कारण होने जा रहा है। इसमें उनकी पत्नी बेबी देवी को झामुमो ने उम्मीदवार बनाया है।

भाकपा इंडिया के घटक दल होने के नाते एनडीए उम्मीदवार को हराने के लिए झामुमो को समर्थन करती है। पाठक ने बताया की डुमरी विधानसभा के उपचुनाव में इंडिया एवं एनडीए में सिद्धि टक्कर होगी और इंडिया की जीत होगी। राज्य में किसी भी परिस्थिति में सांप्रदायिक शक्तियों या उनके घटक दलों को पराजित करने के लिए भाकपा कटिबद्ध है।

## लाभार्थी जनसंपर्क अभियान से वंचितों का पता चलेगा : बाबूलाल

**PHOTON NEWS RANCHI :** भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुधवार को प्रदेश महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर की अध्यक्षता में परिचयात्मक बैठक पार्टी के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के साथ हुआ। संगठन में महिला मोर्चा की क्या सहभागिता रहनी चाहिए और आगामी कार्यक्रम करने जैसे विषयों पर चर्चा हुई। बैठक का संचालन मंजुलता दुबे और समापन डॉ सीमा सिंह ने किया।




बैठक में उपस्थित बाबूलाल मरांडी व अन्य। ● फोटोन न्यूज

बैठक में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में लाभार्थी जनसंपर्क अभियान से जिनको योजना का लाभ नहीं मिला है, उनका भी पता चलेगा। नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने कहा कि संगठन सक्रिय महिलाओं कार्यकर्ता को जोड़कर मंडल स्तर तक मजबूत करना है। आरती सिंह ने कहा कि दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रवास के दौरान सात अलग-अलग कार्यक्रम करना है और सोशल मीडिया का जिलास्तरीय कार्यशाला आयोजित किया जाना चाहिए।

बैठक में रूपा सिंह, सरिता पांडे, रेणु तिर्की, रीता शर्मा, विनीता कुमारी, रमा सिन्हा, बबिता वर्मा, रेखा महतो, लवली गुप्ता, कुमकुम देवी, सुचिता सिंह, नीलम चौधरी, सोनी हेमराम, रंजीता सिंह, अर्चना सिंह, पिंकी खोया, लक्ष्मी कुमारी, अमिता भाटिया, रागिनी सिन्हा, आरती राणा, संपति देवी, जयश्री इंदवार एवं सभी जिला अध्यक्ष उपस्थित रहीं।

प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता कर झारखंड भाजपा अध्यक्ष ने उठाये कई सवाल

## नाम बदलकर ट्राइबलों की ही जमीन लूटने में लगा सोरेन परिवार : BABULAL MARANDI

**PHOTON NEWS RANCHI :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित उनके परिजनों पर नाम बदल बदलकर जमीन लूट में शामिल होने का आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया कि उनके पास उपलब्ध जानकारी के मुताबिक रांची में दहरू मुंडा नामक एक आदिवासी की जमीन 2002 में हेमंत सोरेन ने हेमंत कुमार सोरेन के नाम से खरीदी। इसी तरह रांची से संतालपरगना तक जमीन खरीद में शिबू सोरेन ने शिव सोरेन बनकर जमीन ली। शिबू सोरेन के बेटे बसंत सोरेन ने इस काम के लिए पिता का नाम शिव कुमार सोरेन दिखाया है।




मीडिया को जानकारी देते बाबूलाल मरांडी। ● फोटोन न्यूज

प्रदेश कार्यालय में बुधवार को पत्रकार वार्ता में बाबूलाल मरांडी ने हैरानी जताते कहा कि राज्य का आदिवासी सीएम ही आदिवासी की जमीन लूटने में लगा है। ऐसे कई उदाहरण हैं जिसके जरिये सोरेन परिवार ने अकूत संपत्ति बनाई है। ऐसी सरकार को तो बर्खास्त होना चाहिए। जेल जाना चाहिए।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य की भ्रष्ट, लूटेरी सरकार के कारनामों और उसके हकीकत को जनता को 17 अगस्त से राज्य भर में शुरू होने वाले संकल्प यात्रा के दौरान बताया जाएगा। साहेबगंज के सिदो कान्हो की धरती भोगनाडीह से शुरू होकर 10 अक्टूबर तक चलने वाली इस यात्रा के दौरान लोगों को बताएंगे कि जितनी जल्दी हो, इस राज्य से ऐसी लूटेरी, भ्रष्टाचारी सरकार से मुक्ति मिले। आदिवासियों को उनका अधिकार मिले। वे आदिवासी मुख्यमंत्री के ही हाथों ना लूटे जाएं।

मरांडी के मुताबिक जमीन लूट में अपने फंसने का भय मुख्यमंत्री को है। यही कारण है कि ईडी के बुलावे से उन्हें भय है। वे महंगे वकीलों की सेवाएं लेने में लगे हैं। यदि उन्होंने कुछ गलत नहीं किया है तो ईडी के बुलावे पर जाकर अपनी बात रखते। विपक्षी दलों के नेता अक्सर यह सवाल उठाते रहे हैं कि बाबूलाल मरांडी कुतुबमीनार से कब कूदेंगे। बाबूलाल मरांडी ने इसके जवाब में कहा कि हम तो कुतुबमीनार से कूद ही चुके थे लेकिन भाजपा ने बचा लिया।

## 20 अगस्त को रायपुर आएंगे अमित शाह

**AGENCY RAIPUR :** विधानसभा चुनाव को देखते हुए विभिन्न राजनीतिक दलों के राष्ट्रीय नेताओं के दौरे शुरू हो चुके हैं। 20 अगस्त को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह रायपुर दौरे पर रहेंगे। वे रायपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड में जनजातीय मंत्रालय की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार वे चुनावी तैयारियों की समीक्षा भी कर सकते हैं।



की फाईल फोटो।

वहीं 26 अगस्त को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे महासमुंद आएंगे। इसी तरह 02 सितंबर को राहुल गांधी और 19 सितम्बर को केसी वेणुगोपाल का छत्तीसगढ़ दौरा होने वाला है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 19 अगस्त को छत्तीसगढ़ दौरे पर रायपुर आ रहे हैं।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का प्रदेश में दूसरा दौरा होगा। इससे पहले खड़गे प्रदेश के अनुसूचित जाति बाहुल्य जांजगीर-चांपा जिले में पिछले दिनों भरोसे का सम्मेलन में शामिल हुए थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बताया कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना और भूमिहीन श्रमिक न्याय योजना की राशि वितरण का कार्यक्रम महासमुंद में आयोजित किया जाएगा, जिसमें खड़गे शामिल होंगे।

BRIEF NEWS

## बीएसएफ कमांडेंट आशुतोष की झारखंड में प्रतिनियुक्ति अवधि समाप्त

RANCHI : बीएसएफ के कमांडेंट आशुतोष कुमार सिंह की झारखंड में प्रतिनियुक्ति अवधि खत्म हो गई है। आशुतोष कुमार सिंह वर्तमान में जैप 5 कमांडेंट के पद पर पदस्थापित थे। आशुतोष कुमार सिंह की सेवा उनके पैतृक संगठन महानिदेशालय बीएसएफ को वापस कर दिया गया। इससे संबंधित अधिसूचना गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी कर दी गई।

## पुलिसकर्मियों को NDPS एक्ट का प्रशिक्षण 17 से

RANCHI : अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय में तीन दिवसीय 17 से 19 अगस्त तक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इसमें पुलिसकर्मियों को नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट के गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान के विषय में विस्तार से जानकारी दी जायेगी। इस दौरान एनडीपीएस एक्ट के कांडों में अभियुक्तों को सजा दिलवाने, नियमानुसार मादक पदार्थों की जब्ती और एनडीपीएस एक्ट के संबंध में सभी कानूनी पहलुओं से अवगत कराया जायेगा।

## पीड़ित के आश्रितों को मिलेगा मुआवजा

RANCHI : उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में अनुशंसा समिति की बैठक बुधवार को समाहरणालय में हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने पीड़ित कल्याण निधि नियम 2014 के तहत कुल 54 पीड़ित के उत्तराधिकारी को मुआवजा भुगतान सर्वसम्मति से करने का निर्णय लिया । समिति के सदस्यों ने इस तथ्य पर भी जोर दिया गया कि मुआवजा पीड़ितों के आश्रितों की ओर से उचित पहचान, सत्यापन और रसीद की पुष्टि के बाद अंतरिम भुगतान के रूप में दिया जाएगा और अंतिम भुगतान का फैसला पीड़ित की रिहाई के बाद किया जाएगा। बैठक में एसएसपी किशोर कौशल , राकेश रंजन, हामिद अख्तर, जीतेन्द्र नारायण सहित अन्य उपस्थित थे।

## नालियों के अतिक्रमण पर निगम ने मांगी रिपोर्ट

RANCHI : नालियों के अतिक्रमण को लेकर रांची नगर निगम ने रिपोर्ट मांगी है। इसे लेकर प्रशासक ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि निगम टीम बनाकर शहर की नालियों का सर्वे कराकर अवैध निर्माण को चिन्हित कर कार्रवाई की जाये। निगम की बिल्डिंग बायलॉज के मुताबिक, बड़ी नाली और नाला के दोनों छोर पर 15 मीटर की दूरी तक भवन या किसी प्रकार का निर्माण नहीं कराया जा सकता। लॉ के मुताबिक, ऐसा करना नाले का अतिक्रमण माना जाएगा। निगम द्वारा कई बार जांच करने पर पाया गया है कि लोग अकसर नालियों के ऊपर निर्माण कर लेते हैं,और नियमों का उल्लंघन करते हैं। इसी सभी को देखते हुए निगम अब कार्रवाई करने की तैयारी में है।


## रिम्स में मरीजों को नाश्ते में दिया गया लड्डू

RANCHI : राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान रिम्स में मरीजों को पांच वक्त का गुणवत्ता युक्त भोजन दिया जाता है, ताकि बीमारी जल्द ठीक हो सके। इसके लिए रिम्स में मरीजों को खाना खिलाने की जिम्मेदारी द जाना इंटरप्राइजेज नामक कंपनी के पास है। कंपनी के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मरीजों को नाश्ते में लड्डू दिया गया। मैनेजर फैजल खान और समरेश मंडल ने कहा है कि मरीज अपने घरों से दूर रहते हैं। ऐसे में उनकी सेवा करना हमारा धर्म है।

atom美
ATOMY
INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# मोदी सरनेम केस : राहुल गांधी को HC से बड़ी राहत, सशरीर पेश होने से मिली छूट

### एमपी-एमएलए कोर्ट की अदालत में पेश होने के आदेश को राहुल ने हाईकोर्ट में दी थी चुनौती



SPECIAL REPORTER RANCHI : मोदी सरनेम मामले में राहुल गांधी को एक और राहत मिली है। झारखंड हाईकोर्ट ने बुधवार को मोदी सरनेम मामले में सुनवाई की। झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने इस मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की याचिका को स्वीकार करते हुए उन्हें निचली अदालत में व्यक्तिगत पेशी से छूट प्रदान की। हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद अब राहुल गांधी की जगह उनके अधिवक्ता निचली अदालत में पेश होंगे। राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ता दीपांकर ने पैरवी की। दरअसल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एमपी एमएलए कोर्ट की ओर से अदालत में पेश होने के आदेश को झारखंड हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई की। अदालत ने राहुल की याचिका को स्वीकार कर लिया। हाईकोर्ट ने निचली अदालत में राहुल को व्यक्तिगत पेशी से छूट प्रदान की। अब हाईकोर्ट के ताजा फैसले के बाद निचली अदालत में राहुल की जगह उनके अधिवक्ता पेश होंगे। हालांकि अदालत ने राहुल पर कुछ शर्तें भी लगाई। अदालत ने शर्तों के आधार पर दी गई छूट में कहा- राहुल गांधी अपनी पहचान नहीं छुपाएंगे। यदि उनकी गैरमौजूदगी में कोई गवाह एग्जामिन होता है तो उस पर भी सवाल नहीं उठाएंगे। मालूम हो कि रांची के एमपी/एमएलए कोर्ट ने बीते 3 मई को राहुल गांधी को मोदी सरनेम मामले में व्यक्तिगत पेशी से छूट संबंधित सीआरपीसी की धारा-205 के तहत दायर याचिका को खारिज कर दिया था। राहुल गांधी ने निचली अदालत में भी पेशी से छूट दिए जाने की मांग को लेकर एक याचिका दाखिल किया था। इस याचिका में राहुल ने कहा था कि मामले में कार्यवाही के दौरान उन्हें व्यक्तिगत पेशी से छूट देते हुए उनके अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होने की अनुमति प्रदान की जाए। एमपी/एमएलए कोर्ट ने राहुल की इस याचिका को खारिज कर दिया था। इसके साथ ही अदालत ने राहुल गांधी को मामले में व्यक्तिगत रूप से पेश होने के आदेश दिए थे।

## नाबालिग को एसिड पिलाये जाने के मामले में आरोपी का होगा पॉलीग्राफ टेस्ट, HC ने मांगी 19 सितंबर तक रिपोर्ट

RANCHI : हजारीबाग में नाबालिग को एसिड पिलाये जाने के मामले में आरोपी का 21 अगस्त से 25 अगस्त के बीच होगा पॉलीग्राफ टेस्ट, एचसी ने मांगी 19 सितंबर तक रिपोर्ट हजारीबाग में दिसंबर 2019 में एक नाबालिग को उसके परिचित द्वारा एसिड पिलाए जाने के मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि आरोपी का पॉलीग्राफ टेस्ट कराने के लिए गुजरात गांधीनगर के पर फॉरेंसिक साइकोलॉजी डिवीजन डायरेक्टरेट ऑफ फॉरेंसिक साइंस से पत्राचार किया गया था। उसने 21 अगस्त से 25 अगस्त के बीच आरोपी का पॉलीग्राफ टेस्ट करने की अनुमति प्रदान की है। जिस पर कोर्ट ने कहा कि आरोपी का पॉलीग्राफ टेस्ट कर 19 सितंबर तक रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करें। कोर्ट ने अगली सुनवाई 19 सितंबर निर्धारित की है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। कोर्ट में एमिकस क्यूरी अपराजिता भारद्वाज ने पक्ष रखा। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार, अधिवक्ता गौरव राज ने पैरवी की। बता दें कि पूर्व में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि पिछले आदेश के आलोक में पीड़िता का इलाज रिम्स में हो रहा है या नहीं। कोर्ट ने मामले में हजारीबाग डीसी को निर्देश दिया था कि वह पीड़िता का ट्रीटमेंट रिम्स, रांची में कराएं। उसके इलाज का खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। दरअसल, वर्ष 2019 में हजारीबाग में एक 13 साल की बच्ची जब वह स्कूल से लौट रही थी तो उसके परिचित ने जबरदस्ती उसे एसिड पिला दिया था। जिससे उसकी हालत काफी बिगड़ गई थी। बाद में उसका एम्स पटना और रिम्स रांची में बच्ची का इलाज हुआ था। एसिड पिलाए जाने से 2 महीने तक बच्ची कुछ बोलने में असमर्थ थी। मामले को लेकर हजारीबाग के इचाक थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले को लेकर तत्कालीन चीफ जस्टिस को एक पत्र लिखा गया था। जिसके बाद एक समाचार पत्र में छपी खबर के आधार पर हाईकोर्ट ने इस मामले में स्वत संज्ञान लिया था।

## सहायक टाउन प्लानर नियुक्ति मामले में फैसला सुरक्षित

RANCHI : सहायक टाउन प्लानर की नियुक्ति को लेकर एकल पीठ के आदेश के खिलाफ दाखिल अपील पर बुधवार को झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। हाई कोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सभी पक्षों को सुनने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। मामले में अपीलकर्ता की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार एवं सिद्धार्थ रंजन ने परवी की। वही प्रतिवादी की ओर से अधिवक्ता अनूप कुमार मेहता, सौरव अरुण, अमृतांश वत्स एवं शुभाशीष रसिक सोरेन ने पैरवी की। जबकि जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल, प्रिंस कुमार ने पैरवी की। बता दें कि इस संबंध में विवेक हर्षल, स्वप्निल मयूरेश एवं अन्य ने एकल पीठ के आदेश के खिलाफ खंडपीठ में अपील दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि परीक्षा में 22 ऐसे अभ्यर्थी परीक्षा में सफल हुए है, जिनके पास विज्ञापन की अंतिम तिथि तक इंस्टीट्यूट आफ टाउन प्लानर (इंडिया) में पंजीयन का प्रमाण पत्र नहीं है। विज्ञापन में ऐसी कोई शर्त नहीं थी। नियुक्ति प्रक्रिया के बीच में विज्ञापन की शर्तों में बदलाव नहींकिया जा सकता है। ऐसे में इनकी परीक्षा रद किया जाए।

बता दें कि अप्रैल 2020 में जेपीएससी ने पूरे राज्य में सहायक टाउन प्लानर नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला था।

## HIGHCOURT ने CCL पर लगाया एक लाख का जुर्माना

RANCHI : झारखंड हाईकोर्ट ने सीसीएल पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। सीसीएल द्वारा अदालत में काउंटर एफिडेविट दायर करने में की जा रही देरी पर अदालत ने नाराजगी जाहिर करते हुए जुर्माना लगाया है। दरअसल भारत कोल प्रोडक्ट की ओर से एक याचिका दाखिल कर छाई उठाने की अनुमति देने की मांग की गई थी। जिस पर हाईकोर्ट सुनवाई कर रहा है। पूर्व की सुनवाई में सीसीएल की ओर से काउंटर एफिडेविट दाखिल करने के लिए अंतिम बार समय मांगा गया था। लेकिन काउंटर एफिडेविट दाखिल नहीं की गयी। सीसीएल की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और अमित दास ने बहस की। वहीं प्रार्थी भारत कोल प्रोडक्ट की ओर से अधिवक्ता अर्चना सिंह ने बहस की।

## हाईकोर्ट से छवि रंजन ने जल्द सुनवाई करने का किया आग्रह

SPECIAL REPORTER RANCHI : झारखंड हाई कोर्ट से लैंड स्कैम के आरोपित निलंबित आईएएस छवि रंजन के अधिवक्ता ने बुधवार को उनकी याचिका पर जल्द सुनवाई का आग्रह किया है। अधिवक्ता अभिषेक चौधरी ने मेंशन याचिका के जरिये हाई कोर्ट के जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत से यह गुहार लगाई है। आईएएस छवि रंजन ने रांची प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट ( पीएमएलए) कोर्ट के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी है। उन्होंने हाई कोर्ट से डिफॉल्ट बेल देने यह गुहार लगाई है। इससे पहले छवि रंजन ने निचली अदालत में 167 की याचिका दाखिल की थी, जिसे निचली अदालत ने खारिज कर दिया था। 167 सीआरपीसी की धारा है, जिसमें पुलिस और एजेंसी को चार्जशीट दाखिल करने के लिए समय निर्धारित की गयी है। रांची पीएमएलए कोर्ट ने भी उनकी जमानत अर्जी खारिज कर दी थी।

## CBI को फर्स्ट और सेकेंड JPSC परीक्षा से संबंधित जांच रिपोर्ट दायर करने का निर्देश

RANCHI : झारखंड हाई कोर्ट में द्वितीय जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की सीबीआई जांच कराने वाली बुद्धदेव उरांव की जनहित याचिका एवं राज्य सरकार की अपील की सुनवाई हुई। मामले में सीबीआई की ओर से जो स्टेटस रिपोर्ट दाखिल किया गया वह वर्ष 2014 का था, जिस पर कोर्ट ने सीबीआई के अधिवक्ता को सीबीआई एसपी को कोर्ट की सुनवाई में ऑनलाइन जोड़ने को कहा। बाद में सीबीआई डीआईजी, पटना कोर्ट के समक्ष ऑनलाइन जुड़े। कोर्ट ने सीबीआई डीआईजी को निर्देश दिया कि दो सप्ताह में वह मामले में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर बताएं कि केस किस स्टेज में है। कोर्ट ने उन्हें कहा कि यदि सीबीआई चार्जशीट दाखिल कर दिया है और अभियोजन स्वीकृति के लिए गई हैं, तो अभियोजन स्वीकृति पर सुप्रीम कोर्ट का एक समय सीमा सीमा में निर्णय लेने का आदेश है। कोर्ट में सीबीआई डीआईजी, पटना को यह भी बताने को कहा है किन-किन आरोपितों के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति मांगी गई है और यह अभियोजन स्वीकृति कब-कब मांगी गई है, यह भी बताएं।

## सिपाही नियुक्ति नियमावली को चुनौती देने वाली याचिका पर 30 अक्टूबर को सुनवाई

RANCHI : सिपाही नियुक्ति नियमावली-2014 को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। कोर्ट ने इससे संबंधित सुप्रीम कोर्ट में एक लंबित केस की सुनवाई को देखते हुए विस्तृत सुनवाई के लिए 30 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की है। इस संबंध में सुनील टूडू सहित 60 याचिकाएं अदालत में दाखिल की गई हैं। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमीशन की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल, प्रिंस कुमार एवं राकेश रंजन ने पैरवी की। याचिका में कहा गया है कि झारखंड सरकार की ओर से बनाई गई नियुक्ति नियमावली पुलिस मैनुअल के विपरीत है। नई नियमावली में लिखित परीक्षा के लिए निर्धारित न्यनतम क्वालिफाइंग मार्क्स की शर्त लगाना भी गलत है। ऐसे में उक्त नियमावली को रद कर देना चाहिए। हालांकि इस मामले में अदालत ने पूर्व में ही कहा है कि अदालत के अंतिम आदेश से नियुक्ति प्रक्रिया प्रभावित होगी।

## जेल में बंद अपराधी के इशारे पर दवा कारोबारी से मांगी थी रंगदारी, धराए

### पुलिस ने दो अपराधियों को किया गिरफ्तार, कई सामान बरामद

CRIME REPORTER RANCHI : दवा कारोबारी से 25 लाख की रंगदारी मांगने के आरोप में रांची पुलिस ने महिला सहित दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से तीन मोबाइल सहित कई सिम कार्ड भी बरामद हुए हैं। एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तार अपराधियों में मांडर के कंदरी मोड़ निवासी नेहा सोनी उर्फ नेहा फारुकी (26 वर्षीय) और नामकुम के पंशोल फैक्ट्री रोड निवासी राज वर्मा (38 वर्षीय) शामिल है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि होटवार जेल में बंद आरोपी छोटू खान उर्फ तफजील खान के इशारे और सहमति से उसके सहयोगियों ने इस घटना को अंजाम दिया।

**आजाद हिंद फर्मा के मालिक से मांगी थी रंगदारी**

सैनिक मार्केट में स्थित आजाद हिंद फर्मा के मालिक मो मिन्हाजुद्दीन ने बीते 12 अगस्त को हिंदपीढ़ी थाना में रंगदारी मांगी जाने की शिकायत दर्ज करायी थी। दर्ज शिकायत में उन्होंने बताया था कि उनके मोबाइल पर अज्ञात अपराधियों ने वाट्सअप के माध्यम से 25 लाख की रंगदारी मांगी। इतना ही नहीं रंगदारी ना देने पर जान से मारने की धमकी भी दी गयी। इसकी सूचना सीनियर अधिकारियों को दी गयी। जिसके बाद रांची एसएसपी ने सिटी एसपी के नेतृत्व में एक टीम गठित की। गठित टीम ने साइबर सेल एवं टेक्निकल सेल की मदद से इस मामले का खुलासा किया और महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तारी कर लिया।

## छत का शेड काटकर हार्डवेयर दुकान में चोरी

RANCHI : कोतवाली थाना क्षेत्र में बिहार क्लब के पास एमवी हार्डवेयर दुकान में चोरी की घटना हुई है। मंगलवार की देर रात दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। दुकान की छत का शेड काटकर चोर दुकान में घुसे। नगदी समेत अन्य सामान लेकर फरार हो गए। चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है। पुलिस इसकी मदद से अपराधियों की पहचान में लगी है। बताया गया कि एमवी हार्डवेयर दुकान में एक महीने पहले भी चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसमें लगभग 35 हजार रुपये की चोरी हुई थी। दुकान मालिक द्वारा कोतवाली थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी गयी थी।

## एचईसी के क्वार्टर में अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, उत्पाद विभाग ने की छापेमारी



छापेमारी करने पहुंची उत्पाद विभाग टीम व बरामद शराब ● फोटोन न्यूज

CRIME REPORTER RANCHI : धुर्वा थाना क्षेत्र के एचईसी क्वार्टर में अवैध शराब की फैक्टरी का खुलासा हुआ है। सहायक उत्पाद आयुक्त के निर्देश पर धुर्वा के क्वार्टर नंबर डीटी-1841 में छापा मारी गयी। छापेमारी में एक मिनी अवैध बॉटलिंग प्लांट फैक्टरी मिली है। फैक्टरी संचालकों और अन्य के खिलाफ धुर्वा में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। फैक्टरी से विदेशी शराब ब्लैक हार्स की 90 लीटर शराब, ब्लेंडर प्राइड, मैकडोवेल नंबर-1, स्टेरलिंग, बी-7, इंपीरीयल ब्लू के खाली बोतल, ढक्कन, झारखंड सरकार का लेबल, झारखंड स्टेट बीभरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड का होलोग्राम तक बरामद किया गया। क्वार्टर में जो फैक्टरी चल रही थी, उसके संचालनकर्ता का नाम मुकेश कुमार सिंह बताया जा रहा है। फैक्टरी से जो होलोग्राम जब्त किया गया है, वह नोएडा से मंगाया गया है। अब तक सहायक आयुक्त एके मिश्रा की तरफ से क्वार्टर के मालिक और फैक्टरी संचालक पर कार्रवाई नहीं की गयी है, इसे लेकर तरह-तरह की चचाएं गर्म है।

### लोधमा-पिस्का रेल लिंक लाइन के लिए भू-अधिग्रहण प्रकिया शुरू

# लोधमा से पिस्का तक बनेगी 17 KM लंबी BYPASSING LINK LINE

PHOTON NEWS RANCHI : राउरकेला से टोरी को जोड़ने वाली रेल लिंक लाइन के लिए लोधमा -पिस्का बाइपासिंग हटिया परियोजना कार्य को लेकर जिला प्रशासन द्वारा भूमि अधिग्रहण की प्रकिया शुरू कर दी गई है। इस परियोजना के लिए नगड़ी अंचल क्षेत्र के कुदलूम गांव में 3.290 जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। जिला प्रशासन के आदेश में कहा गया है कि इस भूमि का निरीक्षण किसी भी दिन किया जा सकता है। इस भूमि की खरीद-



बिक्री नहीं होगी। इसको लेकर 60 दिन के अंदर जिला भू अर्जन कार्यालय में आपत्ति दर्ज करायी जा सकती है। लोधमा- पिस्का रेल लिंक लाइन राउरकेला से टोरी को जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगी। रांची और हटिया स्टेशन से गुजरनेवाली मालगाड़ियां इसी लिंक लाइन से होकर निकल जाएंगी। इससे रांची और हटिया स्टेशन से मौजूदा समय की तुलना में अधिक पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेनों का सुगमता से परिचालन किया जा सकेगा। लोधमा पिस्का लिंक लाइन रांची को देश के उत्तरी और दक्षिणी भागों की रेल कनेक्टिविटी से जोड़ने में काफी मददगार साबित होगी। इससे यात्रियों का सफर आसान होगा और उनकी सुविधाएं बढ़ जाएंगी। साथ ही समय की भी बचत होगी।

**तीन साल में काम पूरा करने का लक्ष्य**

रांची रेल मंडल में लोधमा से पिस्का तक 17 किमी लंबी लिंक लाइन बनेगी। रेल मंत्रालय ने पिछले साल रांची रेल मंडल को इसकी स्वीकृति दे दी थी। इस रेल लाइन के लिए 150 एकड़ जमीन अधिग्रहित की जायेगी। इस पर 472 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। लिंक लाइन का निर्माण तीन साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

## कामाख्या और भुवनेश्वर जाने वाली ट्रेनें 22 और 29 को रहेंगी रद्द

RANCHI : रांची रेल मंडल से चलने वाली कुछ रेल गाड़ियों का परिचालन आने वाले कुछ समय तक प्रभावित रहेगा। इस संबंध में रेलवे बोर्ड की ओर से सूचना जारी की गयी है। इसमें बताया गया है कि पूर्व रेलवे के रामपुर हाट स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों की वजह से रांची रेल मंडल से परिचालित ट्रेनें रद्द रहेंगी। इसमें ट्रेन संख्या 15662 कामाख्या रांची एक्सप्रेस ट्रेन की यात्रा 22 अगस्त और 29 अगस्त को रांची से रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 15661 रांची कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन की यात्रा 23 और 30 अगस्त को रद्द रहेगी। खुर्दा रोड मंडल में चल रहे विकास कार्यों की वजह से रांची रेल मंडल से परिचालित कुछ अन्य ट्रेनों को भी रद्द किया गया है।

## राज्य में अगले तीन दिनों में हो सकती अच्छी बारिश

PHOTON NEWS RANCHI : राज्य में मानसून अभी तक अपेक्षाकृत कमजोर रहा है। हालांकि, मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि अगले तीन दिनों में अच्छी बारिश हो सकती है। इसको लेकर मौसम विभाग ने राजधानी रांची सहित आसपास के जिलों में बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य में मानसून कमजोर चल रहा है। इसकी गतिविधि में कुछ परिवर्तन आने आने की संभावना है। आसमान में बादलों और धूप की लुका-छिपी चल रही है। बुधवार सुबह से राजधानी रांची में खिली हुई धूप है लेकिन मौसम में उमस बरकरार है। यह बारिश खेती के लिहाज से तो सही नहीं है पर उमस भरी गर्मी से राहत देगी। एक जून से 15 अगस्त तक राज्य में 658.9 एमएम सामान्य बारिश दर्ज की जाती है। पर इस बार मात्र 410.9 एमएम बारिश हुई है। बारिश की कमी 38 फीसदी है। हालांकि, अगस्त महीने की शुरूआत में हुई अच्छी बारिश के कारण कमी थोड़ी घटकर 37 फीसदी हुई थी लेकिन एक बार फिर से बारिश रुक गई है तो यह बढ़कर 38 फीसदी हो गई है। मौसम विभाग के आंकड़े बताते हैं कि रांची, धनबाद, बोकारो, रामगढ़ समेत राज्य के 20 ऐसे जिले हैं, जहां बारिश 20 फीसदी से अधिक और 60 फीसदी से कम हुई है।

BRIEF NEWS

## गिरिडीह में बिजली मिस्त्री की हत्या, छह गिरफ्तार

GIRIDIH : धनवार में एक प्राइवेट बिजली मिस्त्री प्रकाश कसेरा (48) की हत्या अपराधियों ने गले में रॉड घुसाकार कर दी। घटना मंगलवार रात की है। बिजली मिस्त्री का शव धनवार के सिरसाय रोड के नकतीतांड में पड़ा मिला। प्रकाश कसेरा धनवार बाजार का रहने वाला था। जानकारी होने पर धनवार थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर जांच में जुट गई। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है और आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। प्रकाश की हत्या किसने और क्यों किया, ये फिलहाल स्पष्ट नहीं हुआ है। मामले में धनवार थाना पुलिस ने संदेह के आधार पर छह लोगों को हिरासत में लिया है और पूछताछ कर रही है। दूसरी तरफ मृतक के पिता ने भी बेटे की हत्या का आरोप ही लगाया है। एसडीपीओ मुकेश महतो का कहना है कि हत्या हुआ है और मामले की जांच की जा रही है।

## तोरपा के लोगों के दिलों में अमिट छाप छोड़ गए शहीद अमित तिवारी

KHUNTI : झारखंड पुलिस के जाबांज पुलिस सब इंस्पेक्टर अमित तिवारी की शहादत से पूरे खूंटी जिले में शोक व्याप्त है। खासकर तोरपा में तो कोई ऐसी जगह नहीं है, जहां अमित तिवारी के कार्यों की चर्चा न हो। स्वतंत्रता दिवस के दिन उनकी शहादत की खबर मिलने से तोरपा में आजादी का महोत्सव काफी फीका रहा। अमित तिवारी 18 अक्टूबर, 1015 से 29 अगस्त, 2018 तक तोरपा के थाना प्रभारी के रूप में कार्यरत थे। अपने कार्यकाल के दौरान अमित तिवारी ने कार्यकुशलता से लोगों पर अमिट छाप छोड़ दी थी। स्वतंत्रता दिवस के दिन जैसे ही उनकी शहादत की खबर मिली, लोगों को सहसा विश्वास ही नहीं हुआ। तोरपा के कई लोग उनके अंतिम दर्शन के लिए रांची भी गए और श्रद्धांजलि अर्पित की। स्थानीय व्यवसायी हों या सरकारी अधिकारी या आम लोग, सभी की जबान पर सिर्फ एक ही थी अमित आप कभी मर नहीं सकते। आप हमेशा लोगों के दिलों पर राज करेंगे।

## सरायकेला में ट्रेलर ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

SARAIKELA : सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत नीमडीह थाना क्षेत्र के टाटा-पुरुलिया-धनबाद मार्ग एनएच-32 स्थित पितकी रेलवे फाटक के समीप टिप ट्रेलर ने बाइक सवार व्यक्ति को रौंद दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान नीमडीह के होदागोड़ा गांव निवासी सतीश महतो (58 ) के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार सतीश महतो बाइक से चांडिल की ओर आ रहा था। तभी अज्ञात टिप ट्रेलर की चपेट में आ गया। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गयी। लोगों ने जर्जर सड़क की मरम्मत, तीन टाइम सड़क पर पानी का छिड़काव करने, तेज रफ्तार हाईवा और टिप ट्रेलर पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर एनएच- 32 सड़क पर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची नीमडीह थाने की पुलिस ने स्थानीय लोगों को शांत कराने की कोशिश कर रही थी। खबर लिखे जाने तक स्थानीय लोगों ने शव को उठाने नहीं दिया था और एनएच-32 पर यातायात बाधित था।

## महागामा प्रखंड नदी में डूबने से युवक की मौत

GODDA : महागामा प्रखंड अंतर्गत हनवारा थाना क्षेत्र के प्रेमनगर गांव के समीप सुंदर नदी में नहाने के क्रम में नरोत्तमपुर गांव के लालचरण मंडल (26) की नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गोड्डा भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार नरोत्तमपुर गांव के लालचरण मंडल नदी में बुधवार को नहाने के क्रम में गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। लेकिन आसपास कोई ग्रामीण मौजूद नहीं रहने के कारण वो पानी में डूब गया और उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर अगल बगल के लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। उसके बाद घटना की सूचना स्थानीय चौकीदार द्वारा हनवारा थाना प्रभारी रोशन कुमार को दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रोशन कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जानकारी ली।

### आत्मा शासकीय निकाय की बैठक में DC ने की कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा

# किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती के लिए प्रेरित करें अधिकारी : लोकेश मिश्र

PHOTON NEWS KHUNTI : उपायुक्त लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में बुधवार को आत्मा शासकीय निकाय की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उपायुक्त ने प्रखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण एवं अंतर राज्य प्राशिक्षण को लेकर चर्चा की। साथ ही प्राशिक्षण के लिए कई स्थानों का चयन करते हुए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। डीसी ने निर्देशित किया कि परिभ्रमण के लिए प्रगतिशील किसानों के खेतों का चयन किया जाय, जिन्होंने अपने स्तर से ही उन्नत खेती की है और अपनी आय वृद्धि कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसे किसान अन्य किसानों के लिए भी प्रेरक उदाहरण बनेंगे। उन्हें तकनीकी बिंदुओं पर भी को प्रशिक्षित किया जाना चाहिए, इसके लिए परिभ्रमण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। किसानों का कृषि वैज्ञानिकों से बातचीत व संयुक्त भ्रमण आदि कार्यक्रमों के सम्बंध में आवश्यक निर्णय लिए गए। मौके पर उपायुक्त द्वारा निर्देश दिए गए कि किसानों को जरूरी जानकारियां दें और किसान पाठशाला में प्रदर्शनी कर एकपोजर कराने का भी प्रयास करें।




। ● द फोटोन न्यूज

## मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी सुचारू रूप से चालू करें कंपनियां : उपायुक्त

KHUNTI : उपायुक्त लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय टेलीकॉम समिति की बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने मोबाइल टॉवर अधिष्ठापन और प्रबंधन से सम्बंधित किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए सभी शैडो मोबाइल नेटवर्क एरिया वाले क्षेत्रों में जल्द से जल्द मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी सुचारू रूप से चालू करने के लिए सभी टेलीकॉम सर्विस प्रदाताओं को निर्देश दिए।

बैठक में टेलीकॉम कंपनियों द्वारा टॉवर अधिष्ठापन के लिए प्राप्त आवेदनों पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त समय-समय पर जिला स्तरीय टेलीकॉम समिति की बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में वैसे क्षेत्र जहां किसी कारणवश अब तक नेटवर्क उपलब्धता नही है, उन क्षेत्रों में भी अधिष्ठापन से संबंधित कार्य करने के निर्देश दिए।

## एसएसवीएम के बच्चो के बीच खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

HAZARIBAGH : जश्न-ए-आजादी के 77वां वर्षगांठ मौके पर बरगड्डा अवस्थित एसएसवीएम के बच्चो के बीच खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस खेलकूद प्रतियोगिता में 100 मी. व 400 मी. रेस, गोला, डिस्क, कबड्डी, फुटबॉल आदि मे भैया बहनो ने हिस्सा लिया। बतौर मुख्य अतिथि कंडसार पंचायत के उपमुखिया राकेश कुमार सिंह द्वारा विजेता व उपविजेता प्रतिभागियो को पुरस्कार देकर उत्साहवर्द्धन किया गया। मौके पर उन्होने कहा कि राष्ट्रीय पर्व के मौके पर खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित करने का मुख्य उदेश्य बच्चों में देशभक्ति की भावना को जागृत करना है। उन्होने कहा कि देशप्रेम सर्वोपरि है। मौके पर प्रधानाचार्य उमाशंकर पांडेय ने कहा कि खेलकूद से बच्चों में शारीरिक व बौद्धिक विकास होता है।

## मदरसा रहमानिया मकतब दिनियात परासटोली में फिरोज दिलावर खान ने किया झंडोत्तोलन

PHOTON NEWS RANCHI : रहमानी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट की जानिब से मदरसा रहमानिया मकतब दिनियात परासटोली में फिरोज दिलावर खान के द्वारा झण्डोतोलन किया गया। और मदरसा रहमानिया हिन्दपिढ़ी में जावेद शमसी साहब के द्वारा झण्डोतोलन किया गया। इस अवसर पर मदरसा रहमानिया के बच्चों ने 77वां स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अपना अपना भाषन दिया।

इस अवसर पर हिन्दपिढ़ी थाना प्रभारी मास्टर शरीफ हसन, हाजी हलीम, विनोद कूमार सिंह, हाजी मजहर, मसउद हसन, डा. एस.एस. सिंह, ताहिर अनवर, मौलाना जिबरईल रहमानी, आफरीन प्रविन,आसिया रहमानी, सरवर भाइ, गुलाम हुसैन, नुरूल्लाह,काषिफ नईम, शाहरूख सिदिदकी, वकील अखतर, अज्जु भाई,डा. सरताज, नाजिर खान, मतीन और इसके अलावा दोनों ब्रांच में मदरसा के बच्चे और बड़े लोगों ने भारी मात्रा में शामिल हुए। इस मौके पर रहमानी ट्रस्ट के चेयरमैन हाहिफज मो. मिकाईल रहमानी ने आए हुए सभी लोगों का आभार प्रकट किया और नाषता वगैरा की भी इंतेजाम मदरसा रहमानिया के द्वारा किया गया था।



स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जुटे लोग। ● द फोटोन न्यूज

## खूंटी उपकारा में जेल अदालत एवं कानूनी जागरुकता शिविर आयोजित

KHUNTI : जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मंगलवार को खूंटी उपकारा में जेल अदालत एवं कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जेल अदालत में कुल पांच कैदियों के मामलों पर विचार किया गया तथा उपस्थित कैदियों को कानूनी सहायता प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सत्यपाल, डालसा सचिव मनोरंजन कुमार, अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी दिनेश बाउरी, डालसा के सहायक अवनीश भरद्वाज, पैनल अधिवक्तागण, डालसा के पीएलवी और एवं उपकारा के कारा अधीक्षक उपस्थित थे।

## डुमरी उपचुनाव में IMIM ने कसी कमर मौलाना मोबीन रिजवी ने किया नामांकन

PHOTON NEWS RANCHI : डुमरी उपचुनाव में एआईएमआईएम के पूर्व प्रत्याशी मोबिन रिजवी जिन्होंने 2019 के विधानसभा में सबसे ज्यादा 24,132 वोट लाकर झारखंड की राजनीति में एक लंबी लकीर खींची थी अब फिर से डुमरी उपचुनाव में नई इबारत लिखने को तैयार हो चुके है।

आज अपने नामांकन में हजारों समर्थकों के साथ शामिल हुए, जिनमे मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद साकिर साहब ,संगठन प्रभारी समीर अली ,महानगर अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद अय्यूबी ,गांडेय से 2019 विधानसभा चुनाव के पूर्व प्रत्याशी इंतखाब अंसारी , पूर्व प्रत्याशी मांडू विधानसभा हामिद हाशमी , पूर्व प्रत्याशी नदीम खान , हजारीबाग कोषाध्यक्ष कैसर इमाम, कैस अहमद, मंसूर आलम मुनाजिर रिजवी के साथ साथ एआईएमआईएम के हजारों समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।




नामांकन के लिए समर्थकों के साथ मौलाना मोबीन रिजवी। ● द फोटोन न्यूज

## झरिया में हंगामा : आक्रोशित लोगों ने की सड़क जाम, पुलिस वाहन में की तोड़फोड़

PHOTON NEWS DHANBAD : झरिया थाना क्षेत्र स्थित कतरास मोड़ पर बुधवार को धनंजय यादव हत्याकांड के विरोध में स्थानीय लोगों ने कतरास मोड़ जाम कर दिया। धनंजय के परिजन और स्थानीय लोग लगातार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे, लेकिन लगभग 16 दिन गुजर जाने के बाद भी आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने से स्थानीय लोग उग्र हो गए है। इसके बाद लोग सड़क पर उतर आए। इस दौरान झरिया पुलिस उन्हें समझाने का काफी प्रयास की, लेकिन लोग इतने उग्र हो गए थे कि उन्होंने झरिया थाना के पीसीआर पर पथराव कर दिया। इससे पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई।

इसके बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। वहीं भिंड के सामने पुलिस भी बेबस नजर आई। लोगों ने सड़क पर आगजनी कर धनबाद-झरिया मुख्य सड़क को पूरी तरह अवरुद्ध कर दिया। राहगीरों के साथ भी स्थानीय लोगों ने मारपीट की।पुलिस वाहन पर पथराव होता देख पुलिसकर्मी भी जान बचा कर मौके से भागते नजर आए। आक्रोशित लोगों ने सड़क किनारे खड़ी ऑटो को भी पलट दिया। हालांकि घटना के बाद अतिरिक्त पुलिस बल को बुलाया गया है और स्थिति पर नियंत्रण पाने की कोशिश की जा रही है। फिलहाल स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है।



पथराव के बाद क्षतिग्रस्त पुलिस वाहन। ● द फोटोन न्यूज

## रीमिक्स फॉल में डूबने से पटना के इंजीनियर की मौत

PHOTON NEWS KHUNTI : जिला के मारंगहादा थानांतर्गत प्रसिद्ध पिकनिक स्पॉट रीमिक्स फॉल में मंगलवार अपराह्न नहाने के दौरान डूबने से मसौढ़ी पटना निवासी लगभग लोकेश कुमार सिंह (30) की मौत हो गई। लोकेश के साथ रीमिक्स फॉल घूमने आए उसके दोस्त मसौढ़ी पटना के अंकित कुमार ने बताया कि लोकेश पटना में जिओ के टावर इंजीनियर के रूप में काम कर रहा था। उसने बताया कि लोकेश सहित मसौढ़ी पटना के पांच दोस्त छुट्टी में कार से पुरी घूमने गए थे।

लौटने के दौरान मंगलवार को नेट में सर्च करने पर उन्हें रीमिक्स फॉल के बारे में जानकारी हुई। इसपर वे सभी रीमिक्स फॉल चले गए, और वहां नहाने लगे। नहाने के बाद चारों दोस्त पानी से बाहर आ गए, लेकिन लोकेश उन्हें कहीं नजर नहीं आया। इस पर काफी देर तक लोकेश की खोजबीन की गई, लेकिन जब उसका कहीं कुछ पता नहीं चला, तो इसकी सूचना मारंगहादा थाना की पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही मारंगहादा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से पानी के अंदर चट्टान में फंसे लोकेश के शव को ढूंढ कर बाहर निकाला। बुधवार को सदर अस्पताल खूंटी में शव का पोस्टमार्टम कराया गया, इसके बाद शव को लेकर उसके दोस्त मसौढ़ी पटना रवाना हो गए। इस संबंध में मारंगहादा थाने में अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज किया गया है।

## करंट लगने से हुई युवक की मौत, युवती ने की आत्महत्या

PHOTON NEWS KODERMA : मरकच्चो थाना क्षेत्र के मूर्कमनाय पंचायत स्थित ग्राम बरियाडीह चौक के समीप बुधवार को एक युवक की करंट लगने से मौत गई। युवक की पहचान वसीम आलम (26) के रूप में हुई है।

बताया जाता है कि वसीम आलम बुधवार को अपनी दुकान गुमटी बंद कर रहा था। तार में कट होने से युवक को तेज करंट लग गयाए जिस वजह से युवक जमीन पर गिर गया ओर उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मरकच्चो थाना प्रभारी लव कुमार, एसआई एसएन मिश्रा अपने दल बल के साथ पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए कोडरमा भेज दिया।

इधर मरकच्चो थाना क्षेत्र के महूगांय पंचायत स्थित बरवाडीह में बुधवार को एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती की पहचान सपना कुमारी (16) के रूप में की गई है। ग्रामीणों के अनुसार युवती और उसकी मां से किसी बात को लेकर अनबन हुई थी। युवती ने आवेश में आकर फांसी लगा ली। घटना की सूचना मिलते ही मरकच्चो थाना के एसआई एसएन मिश्रा अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## बीमारी से नहीं, सिस्टम से हार गई गोमिया की खुशबू

PHOTON NEWS BOKARO : गोमिया प्रखंड के खखंडा गांव निवासी गिरधारी महतो की पुत्री खुशबू कुमारी (25) बचपन से ही दिव्यांगता की शिकार थी। वह चलने-फिरने में लाचार थी। 24 घंटे बिस्तर में ही रहती थी।

खुशबू के पिता खेतीबाड़ी एवं मजदूरी कर किसी तरह अपने परिवार का पेट पालते थे और उसी में से थोड़े-थोड़े पैसे बचाकर वे अपने पुत्री खुशबू का इलाज भी करवाते थे। पिता द्वारा इलाज करवाने के बावजूद खुशबू की स्थिति दिनों दिन बिगड़ती चली जा रही थी।

कुछ समय बाद खुशबू को सरकार की तरफ से दिव्यांग पेंशन भी मिलने लगा लेकिन वर्ष 2018 में आधार कार्ड के रूप में सरकारी सिस्टम फॉलो नहीं होने के कारण खुशबू को पेंशन मिलना भी बंद हो गया। लाचार पिता ने खुशबू का आधार कार्ड बनवाने के लिए प्रखंड मुख्यालय गोमिया का चक्कर लगाना शुरू कर दिया। पंचायत के प्रतिनिधियों के द्वारा भी खुशबू का आधार कार्ड बनवाने का काफी प्रयास किया गया लेकिन आधार कार्ड नहीं बन पाया। एक समाजसेवी ने सूबे के परिवहन एवं कल्याण मंत्री चंपई सोरेन को एक्स पोस्ट के माध्यम से खुशबू की गंभीर हालत के बारे में जानकारी दी। तब मंत्री चंपई ने भी मामले में गंभीरता दिखाते हुए बोकारो के उपायुक्त को निर्देश देते हुए कहा था कि खुशबू को सामाजिक सुरक्षा एवं समाज कल्याण की अधिकतम योजनाओं से जोड़ने का प्रयास करें। अगर खुशबू बेटी को चिकित्सा या किसी अन्य मदद की जरूरत हो तो उपलब्ध करवाएं।

इसके बावजूद खुशबू को किसी भी तरह के सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया। आधार नहीं रहने के कारण खुशबू को पेंशन मिलना भी बंद हो गया। आखिरकार सरकारी सिस्टम के आगे लाचार खुशबू की बुधवार की सुबह मौत हो गई।

इस संबंध में गोमिया के बीडीओ कपिल कुमार ने कहा कि जिला से आदेश मिलने के बाद तीन-चार दिन पहले ही प्रखंड से आधार कार्ड बनवाने की मशीन लेकर ऑपरेटर खुशबू के यहां गया और आधार कार्ड बनवाने की प्रक्रिया कर दी थी। संभवतः 12 से 15 दिनों में खुशबू का आधार कार्ड बन जाता। आधार कार्ड बनने के साथ ही खुशबू को सभी तरह के सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने लगता।

### जिला पुलिस व CRPF 214 बटालियन ने हेसला जंगल में चलाया छापामारी अभियान

# हथियार के साथ दो उग्रवादी किये गये गिरफ्तार

PHOTON NEWS LATEHAR : जिला पुलिस और सीआरपीएफ 214 बटालियन ने सदर थाना क्षेत्र के हेसला जंगल में बुधवार को छापामारी अभियान चलाकर उग्रवादी संगठन झारखंड क्रांति मोर्चा के दो उग्रवादियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार उग्रवादियों में शंकर राम और महिला उग्रवादी कविता देवी शामिल हैं। दोनों रिश्ते में पति पत्नी हैं। दोनों सदर थाना क्षेत्र के बेंदी हेसला के रहने वाले हैं। पुलिस और सुरक्षा बल के द्वारा बुधवार को देर शाम तक छापामारी अभियान चलाई गई।

एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सदर थाना क्षेत्र के बेंदी और हेसला जंगल में कुछ उग्रवादियों का जमावड़ा लग रहा है। इस सूचना के बाद सीआरपीएफ 214 बटालियन के कमांडेंट केडी जोशी के नेतृत्व में नक्सलियों के खिलाफ छापामारी अभियान चलाई गई। पुलिस और सुरक्षा बलों के द्वारा जंगल में सर्च अभियान के दौरान एक महिला तथा एक पुरुष को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। पूछताछ के क्रम में पता चला कि दोनों झारखंड क्रांति मोर्चा के उग्रवादी हैं। गिरफ्तार उग्रवादियों की निशानदेही पर सर्च अभियान चलाया गया और जंगल से तीन देसी रिवाल्वर, एक देसी राइफल पांच गोलियां समेत कई अन्य नक्सली सामान बरामद किए गए। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी क्षेत्र में लेवी वसूलने के लिए दहशत फैलाने का प्रयास करने वाले थे। लेकिन पुलिस और सुरक्षाबलों ने उनके मंसूबे पर पानी फेर दिया।



पुलिस के साथ गिरफ्तार अपराधी। ● द फोटोन न्यूज



बरामद हथियार व अन्य सामान। ● द फोटोन न्यूज

## ईसीएल के अधिकारियों पर हमला करने वाले दो को जेल

PHOTON NEWS GODDA : जिले के अंतर्गत कार्यरत ईसीएल की राजमहल एरिया के हुरासी प्रोजेक्ट के दो माइनिंग अधिकारी को मारकर जख्मी करने के दो आरोपित को ललमटिया पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया।

मामले को लेकर थाना प्रभारी चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि 13 अप्रैल को राजमहल परियोजना के हुरासी प्रोजेक्ट के बैरियर के पास ड्यूटी में लगे माइनिंग अधिकारी ब्रजेश कुमार झा एवं नवीन कुजुर को मंगलवार देर रात बदमाशों ने अचानक लाठी-डंडे और फाइट से मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया था। घायल अवस्था में दोनों अधिकारियों ने घटना की सूचना अपने अधीनस्थ वरीय अधिकारी को दी। इसके बाद घायल दोनों माइनिंग अधिकारी को परियोजना के ऊर्जानगर अस्पताल में लाकर इलाज कराया गया। दोनों घायल अधिकारियों को बेहतर इलाज के लिए दुर्गापुर अस्पताल भेजा गया है।

मामले को लेकर माइनिंग अधिकारी नवीन कुजूर के बयान के आधार पर ललमटिया थाना में छह लोगों पर 14 अप्रैल को नामजद हरिपुर गांव के आनंद मुर्मू , डोनेल मुर्मू , राकेश मुर्मू ,रामेश्वर मरांडी, हरिपुर गांव के स्टीफन मरांडी एवं तेलो धूनी गांव के जतन हांसदा पर प्राथमिक की दर्ज हुई थी। तब से यह सभी आरोपित फरार चल रहे थे।

BRIEF NEWS

## एनटीटीएफ ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस



**JAMSHEDPUR :** गोलमुरी स्थित एनटीटीएफ आरडी टाटा तकनीकी संस्थान द्वारा 77वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एलबीएसएम की प्रोफेसर एवं समाजसेवी चंदन जायसवाल, संस्थान के प्रचार्य प्रीता जॉन,एवं उप प्राचार्य रमेश राय उपस्थित थे । इस अवसर पर चंदन जयसवाल ने देश के शहीदों एवं वीरों पर अपने विचार प्रकट किए एवं सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।प्राचार्य प्रीता जॉन ने आजादी का महत्व समझाते हुए वीरों के बलिदान को याद किया। कार्यक्रम में संयोजक अजीत कुमार, हरीश, पंकज गुप्ता, हिरेश,शिव प्रसाद, वरुण कुमार, अनिल के जावली, दीपक सरकार, शशि रंजन मिश्रा, नकुल कुमार, स्मृति आदि उपस्थित थे।

## जमशेदपुर में डेंगू के 10 पॉजिटिव मरीज मिले

**JAMSHEDPUR :** पूर्वी सिंहभूम जिले में डेंगू मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बुधवार को डेंगू के 10 पॉजिटिव मरीज मिले हैं। इसमें एक 10 साल का बच्चा भी शामिल है। सभी मरीजों का इलाज टीएमएच में चल रहा है। 10 मरीजों में मानगो के 3, साकची के 2, बिरसानगर, बिष्टुपुर, जुगसलाई, कदमा, सोनारी के एक-एक मरीज शामिल हैं। तीन दिन पहले इन मरीजों का ब्लड सैंपल जांच में भेजा गया था और बुधवार को रिपोर्ट आने में डेंगू की पुष्टि हुई। जिले में डेंगू पॉजिटिव मरीजों की संख्या बढ़ कर अब 194 हो गई है। वहीं बुधवार को जिले में डेंगू के 32 संदिग्ध मरीज मिले हैं, जिनका अलग-अलग सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

## ईस्ट प्लांट बस्ती में किया गया झंडोत्तोलन

**JAMSHEDPUR :** भारत के 77 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर हर साल की भांति इस साल भी ईस्ट प्लांट बस्ती, बमार्माइंस में झंडोत्तोलन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर झंडोतोलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महावीर मुर्मू ने झंडोतोलन किया। यह कार्यक्रम पिछले 30 सालों से समाजसेवी संतोष सिंह के द्वारा किया जा रहा है, जिसमें न केवल बस्ती वासी बल्कि पूरे क्षेत्र के लोग शामिल होते हैं। कार्यक्रम में राजीव सिंह, गुड्डू , डब्लू कुमार, आयुष सिंह, प्रेम कुमार, रंजीत झा आदि उपस्थित थे।

## आरएसपी ने स्वदेशी युद्धपोत विंध्यगिरि के निर्माण में किया योगदान

**ROURKELA :** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने भारत के छठे स्वदेशी युद्पोत ₹विंध्यगिरि₹ के जरूरी लिए पूरे 4000 टन विशेष स्टील की आपूर्ति करके देश की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को फिर से दोहराया है जिसमें राउरकेला इस्पात संयंत्र के न्यू प्लेट मिल का विशेष रोल्ड प्लेट भी शामिल है। यह युद्पोत भारतीय नौसेना द्वारा शुरू की गई परियोजना पी17ए पहल का हिस्सा है और इसका निर्माण मेसर्स गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। इस युद्धपोत का लांच भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा 17 अगस्त, 2023 को किया जाना निर्धारित है। सेल द्वारा विंध्यगिरि युद्धपोत के लिए आपूर्ति किए गए स्टील में डीएमआर 249 ए ग्रेड की एचआर शीट्स और प्लेट्स शामिल हैं। इस प्रोजेक्ट पी17ए की महत्वपूर्ण परियोजना के तहत सात युद्पोतों का लांच होना है, विंध्यगिरि का यह आगामी लांच, इस तरह के छठे युद्पोत के सफल निर्माण का उदाहरण है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना में भारत स्वदेशी विकास और इनोवेशन को बढ़ावा दे रहा है। देश के गौरव और उल्लास के प्रतीक आईएनएस विक्रांत की कमीशनिंग में सेल के उल्लेखनीय योगदान के बाद आया है।

JAMSHEDPUR वीमेंस यूनिवर्सिटी में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

# सितंबर में नए परिसर में शिफ्ट हो जाएगा विश्वविद्यालय : कुलपति



समारोह को संबोधित करती कुलपति प्रो अंजिला गुप्ता। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** वीमेंस यूनिवर्सिटी में 77वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। सिदगोड़ा और बिष्टुपुर दोनों कैंपस में कुलपति प्रो अंजिला गुप्ता ने झंडोत्तोलन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि हम देश की खुली फिजा में सांस ले रहे हैं, जो सारी बाधाओं को पार करते हुए आज विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। वह दिन भी दूर नहीं जब भारत विश्व गुरु के रूप में पुनः अपनी पहचान बना लेगा।

**अगले महीने नए कैंपस शिफ्ट हो जाएगा विवि :** इस अवसर पर कुलपति ने स्पष्ट कर दिया कि अगले माह सितंबर में निश्चित रूप से यूनिवर्सिटी सिदगोड़ा कैंपस में शिफ्ट हो जाएगी और यूनिवर्सिटी का ये कैंपस भी क्रियाशील हो जाएगा। उन्होंने बताया की इस कैंपस में यूनिवर्सिटी की गतिविधियों के लिए आवश्यक ऑडिटोरियम, छात्राओं के लिए कॉमन रूम, स्पोर्ट्स एंड कल्चरल रूम, कांफ्रेंस हॉल आदि की भी व्यवस्था की जाएगी या निर्माण किया जायेगा जिससे विश्वविद्यालय राजभवन के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए उत्कृष्ट संस्थान का दर्जा हासिल कर सके।

**यूथ पार्लियामेन्ट डिबेट के लिए तीन छात्राओं का हुआ चयनः** विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का लेखा जोखा प्रस्तुत करते हुए उन्होंने बताया कि यूथ पार्लियामेन्ट डिबेट के लिए पूरे झारखंड की दस छात्राओं में इस यूनिवर्सिटी की तीन छात्राओं का चयन किया गया था। बीएससी केमिस्ट्री की बसुंधरा मंडल, अंशिका मंडल तथा बायोटेक से मरिषा पांडेय चुनी गयी थीं।

**संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने देश के विविध रंगों की छटा बिखेरी :** संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए जो देशभक्ति के रंग में रंगे थे। संगीत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सनातन दीप और विभाग की छात्राओं ने देशभक्ति सामूहिक गीत गाए और सुधा दीप के नेतृत्व में नृत्य और विशेषकर, रानी लक्ष्मीबाई पर आधारित नृत्य नाटिका ने सबको भाव विह्वल कर दिया। धन्यवाद ज्ञापन रजिस्ट्रार डॉ राजेंद्र जयसवाल ने और मंच संचालन डॉ. नूपुर और डॉ. मनीषा ने किया।

# पूर्व सैनिकों ने वीरों के बलिदान को किया याद



स्वतंत्रता दिवस पर जुटे पूर्व सैनिक। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, जमशेदपुर ने 77वी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन का कार्यक्रम आयोजित किया।इस अवसर पर संगठन के संस्थापक वरुण कुमार, जिला अध्यक्ष विनय कुमार यादव एवं परिषद के सभी सदस्य गण उपस्थित थे।

मौके पर मौजूद संगठन के वरिष्ठ सदस्य हवलदार अवधेश कुमार ने देश के शहीदों को अपनी भावभीन श्रद्धांजलि अर्पित की एवं सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। सार्जेंट उमेश शर्मा ने आजादी का महत्व समझाते हुए वीरों के बलिदान को याद किया।

इस अवसर पर जमशेदपुर के समस्त सैनिक परिवारों एवं नागरिक परिवेश को अपनी बधाई और शुभकामनाएं दीं,और आह्वान किया कि परिषद पूरे जोश के साथ समाज की सेवा में उपलब्ध रहेगा।इस अवसर पर उपस्थित रहे अवधेश कुमार, राजीव कुमार, सत्य प्रकाश, उमेश कुमार सिंह, सुखविंदर सिंह, बिरजू, जयसवाल, धीरज, के एम सिंह, उमेश शर्मा, एसके सिंह, दयानंद सिंह, कुंदन सिंह, हरि, आमोद, अनिल सिन्हा समेत कई पूर्व सैनिक उपस्थित थे।

# करीम सिटी कॉलेज के हिंदी विभाग में स्वतंत्रता दिवस पर भाषण प्रतियोगिता




प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थी। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हिंदी विभाग, करीम सिटी कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण का विषय था। देश की एकता देश की पहचान।

उक्त कार्यक्रम में हिंदी प्रतिष्ठा के सेमेस्टर 3 और सेमेस्टर 6 के विद्यार्थियों ने बढ-चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि के तौर पर हिंदी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ सफीउल्लाह अंसारी जी उपस्थित रहे उक्त विषय पर विचार रखते हुए उन्होंने कहा कि हमारे देश की पहचान एकता ही रही है और आज भी देश की एकता ही विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ सुभाष चंद्र गुप्ता ने की। अध्यक्षीय भाषण में डॉ गुप्ता ने बच्चों को उत्साहित करते हुए बताया कि देश की अस्मिता के लिए हमें एक होकर रहना होगा । हमने अपनी एकता से आजादी पाया है और संघर्षो का सुंदर इतिहास लिखा है।

प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सेमेस्टर 6 की प्रिया दास, द्वितीय पुरस्कार सेमेस्टर 3 की प्रतिभा त्रिपाठी को एवं तृतीय पुरस्कार सेमेस्टर 6 के प्रभात दीक्षित को मिला। साथ ही विशाल जोंको और लाइका को सांत्वना पुरस्कार मिला। अन्य प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर उनके मनोबल को बढ़ाया गया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए हिंदी विभाग की प्राध्यापिका डॉ. संध्या सिन्हा ने बताया कि देश की साझी संस्कृति को देश की सुंदर पहचान के रूप में स्थापित करने में हमारे देश प्रत्येक जाति, मजहब, भाषा और प्रदेश के शहीदों का अविस्मरणीय योगदान रहा है। देश की आजादी के लिए किए गए संघर्ष में हमने जिस एकता और सौहार्द का परिचय दिया था, उसकी जरूरत आज भी है।

धन्यवाद ज्ञापन करते हुए विभाग के प्राध्यापक डॉ.फिरोज आलम ने सभी विद्यार्थियों को एकता का पाठ पढ़ाया।

# सिंहभूम चैंबर भवन में फहराया गया तिरंगा, आकर्षक सजावट



झण्डोत्तोलन करते चैम्बर के सदस्य। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर चैम्बर भवन परिसर में झंडातोलन किया गया। झंडातोलन सुबह 10 बजे चैंबर के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने किया। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत इस वर्ष भी चैम्बर परिसर को सजाया गया है।

स्वतंत्रता दिवस की सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए चैम्बर के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने कहा कि हम सभी के पूर्वजों ने आजादी की लड़ाई में अपने बलिदान की आहुति दी है, उसके प्रति हम सबों का यह कर्तव्य है कि हम सजग रहे, सचेत रहे। उन्होंने कहा कि खुद को तिल-तिल जाकर देश में आजादी का सूर्योदय करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों व देश की रक्षा हेतु सर्वस्व अर्पण करने वाले वीर जवानों को सलाम करता हूँ।उन्होंने कहा कि आज भारत की संस्कृति, जीवंत लोकतांत्रिक परंपरा व 77 साल की उपलब्धियों पर गर्व करने का दिन है। इस कालखंड में देश ने बहुत कुछ देखा और विकास की नई गाथा लिख रहा है। उन्होंने कहा कि अगर हमारा देश यूं ही विकास की राह पर चलता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब हमारा देश फिर से विश्वगुरू बनेगा और दुनिया को एक नई राह दिखायेगा । उन्होंने कहा की स्वतंत्रता हमें अंग्रेजों से गुलामी से मिली परंतु हमे स्वतंत्रता अपने अहंकार से, अपने ईर्ष्या से, अपने अतिमहत्वकांक्षा से इन सबो से भी स्वतंत्रता अपने आप से भी लड़कर लेना होगा। इस अवसर पर चैम्बर के

पूर्व अध्यक्ष मुरलीधर केडिया, निर्मल काबरा, अशोक भालोटिया, सुरेश सोंथालिया, मानद महासचिव मानव केडिया, उपाध्यक्ष ट्रेड एंड कॉमर्स नितेश धूत, उपाध्यक्ष पीआरडब्ल्यू मुकेश मित्तल, ने भी स्वतंत्रता दिवस पर शुभकामना संदेश दिया । झंडोत्तोलन कार्यक्रम के मौके पर किशोर गोलछा, भरत मकानी, अनिल मोदी, सांवरमल शर्मा, पीयूष चौधरी, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, सत्यनारायण अग्रवाल मुन्ना, ओमप्रकाश रिंगसिया संदीप मुरारका, मोहित मुनका, विष्णु गोयल, बीएन शर्मा, ओमप्रकाश मुनका, विनोद कुमार शर्मा, श्रवण देबूका, पवन शर्मा, मनोज गोयल, दीपक चेतानी, राजीव अग्रवाल, अधिवक्ता सतीश, रामू देबुका, विनोद शर्मा, सांवरमल अग्रवाल, सन्नी संघी, मुकेश मित्तल, अरुण अग्रवाल, आकाश मोदी, शुभम सेन, लिप्पू शर्मा, उमेश खिरवाल, विष्णु गोयल, भोलानाथ चौधरी, मनोज अग्रवाल,नरेश मोदी, मनोज चेतानी आदि उपस्थित थे।

# राउरकेला इस्पात संयंत्र में स्वतंत्रता दिवस मना



**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला इस्पात संयंत्र में मंगलवार को 77वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। आरएसपी के निदेशक प्रभारी, अतनु भौमिक ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, परेड का निरीक्षण किया और इस्पात स्टेडियम में 77 पलटनों के प्रभावशाली मार्च पास्ट की सलामी ली। उनके साथ डीआइजी (सीआईएसएफ) अशोक जलवानिया मंच पर उपस्थित थे।

इस दौरान अतनु भौमिक ने कहा कि हमने कृतज्ञता और गर्व की भावना के साथ 75 सप्ताह तक चलने वाले आजादी का अमृत महोत्सव मनाया है। हमारे देश की आजादी को सुरक्षित रखने के लिए अथक संघर्ष किया और उस समृद्ध भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया जिसे हम आज अपना रहे हैं। जैसे-जैसे हम अमृत काल में कदम रख रहे हैं, हमारी आशाओं में एक मजबूत अर्थव्यवस्था का निर्माण शामिल है जो हमारे देश को और अधिक आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक मजबूत विनिर्माण उद्योग के साथ-साथ प्रौद्योगिकी और ज्ञान का उपयोग करती है।

इस अवसर पर आरएसपी ने 18 पूर्व कर्मचारियों को ह्यइस्पात बिंधानी सम्मानह्ण से सम्मानित किया, जिन्?होंने साठ के दशक से पहले स्टील प्लांट में शामिल हुए थे। स्टील प्लांट को उसके प्रारंभिक वर्षों में विकसित किया।

कार्यक्रम में दीपिका महिला संघति की अध्?यक्षा सीमा भौमिक, कार्यपालक निदेशक (वर्क्?स) एसआर.सूर्यवंशी, कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) पीके. सत्पथी, कार्यपालक निदेशक (परियोजना)पीके .साहू, कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सोमनाथ त्रिपाठी, समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# डालमिया सीमेंट ने मनाया स्वतंत्रता दिवस




डालमिया सीमेंट के कर्मचारी। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** डालमिया सीमेंट ने मंगलवार को वीर बिरसा स्टेडियम में 77वां स्वाधीनता दिवस मनाया गया। डालमिया सीमेंट लोजिस्टिक्स विभाग के वरिष्ठ कर्मचारी संजय कुमार मिश्रा एवं गौरांग चरण राउत बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। संजय कुमार मिश्रा ने इस अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज को फहराया एवं गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित दर्शकों को स्वाधीनता दिवस की 77वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएँ दी और देश तथा देश के महान इतिहास के प्रति सम्मान अर्पण किया '

इस दौरान भारत के स्वतंत्रता दिवस के उत्सव के अवसर पर ह्यडालमिया भारतह्ण ने पूर्वी क्षेत्र के 76 सेवानिवृत्त व दिग्गज सैनिकों को सम्मानित किया ' 'सैल्यूटिंग 76' थीम के तहत पश्चिम बंगाल, ओडिशा, बिहार और झारखंड में एक साथ आयोजित सम्मान समारोहों में देश की रक्षा करने वाले सैनिकों के अमूल्य योगदान को मान्यता देते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। डालमिया भारत टीम ने उसके सहयोगियों और प्रमुख प्रभावशाली हस्तियों की मौजूदगी में उन्हें एक फलक, स्मृति चिह्न, शाल, भारतीय राष्ट्रीय ध्वज और 76 वीरों पर प्रकाश डालने वाली एक पुस्तिका भेंट की गई।

सम्मानित अतिथि के रूप डीसीबीएल राजगंगपुर के यूनिट हेड चेतन श्रीवास्तव, सहायक कार्यकारी निदेशक लांजीबरना लाइमस्टोन एवं डोलोमाइट खदान के ओमप्रकाश खेलकर, संयंत्र के डॉ. डीके सिंह और क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी, राजगांगपुर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कबिता सिंह, जागृति महिला मंडल की अध्यक्ष सरोज श्रीवास्तव एवं डालमिया विद्या मंदिर के प्राचार्य जयदेब कर उपस्थित थे। डालमिया सीमेंट

SAKCHI AGRASEN BHAVAN में धूमधाम से मना जीण माता का सिंघारा एवं झूलन उत्सव

# बांटो रे बांटो बधाई जम के... एवं मेंहदी मंडवा ले मईया मेंहदी लाया राचनी... जैसे भजनों पर खूब झूमे श्रद्धालु



फूलों से सजा जीण माता का दरबार। ● फोटोन न्यूज



पूजा करते श्रद्धालु। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** शहर की धर्मिक संस्था श्री जीण माता परिवार जमशेदपुर द्वारा साकची श्री अग्रसेन भवन में मंगलवार 15 अगस्त को जीण माता का सिंघारा एवं झूलन उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य यजमान क्रमशः प्रीति-ललित अग्रवाल एवं रीमा-अर्जुन अग्रवाल ने पूजा करवायी और ज्योत प्रज्जवलित की। गणेश वंदना थारे आया ही गणपत होसी म्हारा अटक्योडा बेडा पार जी... से मां भवानी जीण शक्ति का मंगल पाठ समेत भजनों की अमृत वर्षा का शुभारंभ हुआ। कोलकात्ता से आमंत्रित कलाकार रितेश बरनवाल एवं सीतु राजस्थानी ने मंगलपाठ का वाचन किया। साथ ही शहर के प्रसिद्ध गायक महावीर अग्रवाल मुन्ना ने भजनों की अमृत वर्षा की। इस धार्मिक मौके पर कलाकारों द्वारा जीण माता के चरणों में की गयी भजनों की अमृत वर्षा में श्रद्धालु खुब झूमे। कलाकारों ने जीण भवानी कुल धणियानी..., आवो मईया जी करस्यां सिंधारा थारा चाव से..., बोलो राम राम राम..., जय जय पित्तर जी महाराज..., दरबार अनोखा हैं मेरी मईया का..., सारे दुःख हमारे दूर हो गये..., बांटो रे बांटो बधाई जम के..., मेंहदी मंडवा ले मईया मेंहदी लाया राचनी... आदि पारंपरिक भक्ति गीतों पर महिलाओं ने खूब नृत्य किया। देर शाम तक महिलाएं भक्ति गीतों को स्मरण करती रहीं।

ये रहा आकर्षण का केन्द्रः- इस धार्मिक महोत्सव में श्री जीण मंगल पाठ, माता का भव्य श्रृंगार, अखंड ज्योत, भजनों पर नृत्य एवं छप्पन भोग प्रसाद आकर्षण का केन्द्र बना रहा। कोलकात्ता के कारीगरों द्वारा फूलों से माता का भव्य दरबार सजाया गया था। महोत्सव में प्रमुख रूप से समाजसेवी रमेश अग्रवाल, रामकृष्ण चौधरी, ओमप्रकाश रिंगसिया, उमेश शाह, मुकेश मित्तल, संदीप मुरारका, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी आदि ने माता के दरबार में हाजरी लगायी।

इनका रहा योगदानः- इसे सफल बनाने में प्रमुख रूप से संस्था के अध्यक्ष बजरंगलाल अग्रवाल, संस्थापक शंभू खन्ना, विनोद खन्ना, सुनील देबुका, राजकुमार रिंगसिया, जगदीश खेमका, पवन शर्मा, प्रमोद अग्रवाल, अनंत अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, सीए अंकित अग्रवाल, मनीष, आशीष समेत जीण माता परिवार के सभी सदस्यगण शामिल थे।

# शहर के कलाकारों ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस



झंडोत्तोलन करते उदय मूविज के कलाकार। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन आम से लेकर खास सभी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस क्रम में शहर के कलाकारों ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और देश की अखंडता, एकता और भाई चारा का संदेश दिया।

कलाकारों ने सोनारी स्थित मरारपाडा में झंडा फहराया। इस अवसर पर शहर के जाने माने फिल्म मेकर उदय साहू व उनके टीम उदय मूवीज के कलाकार उपस्थित थे। सबसे पहले कलाकारों ने मिलकर एक साथ सुबह 10 बजे झंडातोलन किया। इसके बाद सभी ने झंडे को सलामी दी। इस अवसर पर उदय साहू ने कहा कि देशवासियों में देश भक्ति के ज्वार पैदा करने में कलाकारों का बहुत बड़ा रोल है। कलाकार संगीत और अभिनय के जरिये देश के लोगों में देश भक्ति के अलख जगाते है। उन्होंने कहा कि देश को आगे ले जाने के लिए हम सभी को एक होना होगा। धर्म और जाति से ऊपर उठकर देश के बारे में पहले सोचना होगा। इस अवसर पर उदय साहू, रणधीर सिंह, गायक अजीत अमन, गायक हरि दर्शन सिंह, प्रीति, शिन्टू यादव आदि उपस्थित थे।

# जश्न और जिम्मेदारी

दुनिया के सबसे बडे. लोकतंत्र भारत की स्वतंत्रता का महोत्सव अतुलनीय रूप से सुखद और प्रेरक है। देश की आजादी की यह 77वीं वर्षगांठ ऐसी खुशी का अवसर है, जिसका उल्लास साल-दर-साल बढ़ता जा रहा है। हम अपने बाजारों, सड़कों और घरों-भवनों पर अगर गौर करें, तो हर जगह तिरंगे से रौनक है। यहां तक कि असंख्य वाहनों पर भी तिरंगा शोभायमान है। घर-घर तिरंगा स्वयं एहसास करा देता है कि भारत बदल रहा है और भारत के प्रति लोगों का उत्साह भी बढ़ रहा है। याद कीजिए, देश की स्वतंत्रता का पचासवां साल जैसे मनाया गया था, उससे कई गुना ज्यादा आकार-प्रचार के साथ 75वां साल बीता है और खास यह कि 75वें साल के महोत्सव की खुमारी अभी भी उतर नहीं रही है। 75वें साल के जश्न और आयोजनों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। क्या यह संकेत नहीं है कि देश के प्रति देशवासियों में नया उत्साह और प्रेम जागा है? लोग देश और देश की तारीख के बारे में सोच रहे हैं, इसका सीधा अर्थ है कि लोग अपनी तरक्की के प्रति पहले की अपेक्षा ज्यादा समर्पित हैं। लोगों की तरक्की में ही देश की तरक्की है, जैसे लोगों की खुशी में देश की खुशी है। हमने यह मुकाम कोई यूं ही हासिल नहीं किया है। असंख्य देशवासियों का खून-पसीना लगा है, तब हम आजादी के जश्न लायक हुए हैं। पहले हमारे पास गिनाने लायक चीजें कम थीं, लेकिन अब ऐसी-ऐसी कामयाबियां हैं कि गिनना मुश्किल है। 1947 का भारत हम बहुत पीछे छोड़ आए हैं। आंकड़े गवाह हैं कि हमारी तरक्की दुनिया में बहुतों के लिए प्रेरणा है। बढ़ती खुशहाली की तसल्ली के लिए कुछ आंकड़ों को देखिए। साल 2005-06 में 64 करोड़ से ज्यादा लोग बहुआयामी गरीबी से ग्रस्त थे, पर साल 2019-20 में 23 करोड़ लोग ही गरीब बचे हैं। पिछले दो दशक में वैश्विक मंदी के बावजूद भारत की गरीबी तेजी से घटी है और स्वयं भारत बहुत हद तक मंदी की मार से बचते हुए आगे बढ़ा चला जा रहा है। आज से बीस साल पहले देश में 44 प्रतिशत लोगों के पास आवास नहीं था, लेकिन अब बमुश्किल 12 प्रतिशत ऐसे लोग बचे हैं, जिनके सिर पर अपनी छत नहीं है। आज से बीस साल पहले 29 प्रतिशत घरों तक बिजली नहीं पहुंची थी, लेकिन अब मुश्किल से दो प्रतिशत घर ही बिना बिजली के बचे हैं। सैनिटेशन से वंचित लोगों की संख्या आज से बीस साल पहले करीब 50 प्रतिशत थी, लेकिन अब बमुश्किल 11 प्रतिशत लोग ही वंचित हैं। इसके बावजूद, जो लोग भारत की कमियों को गिनाते हैं, उन्हें दुनिया का कोई ऐसा देश खोजकर दिखाना चाहिए, जहां इतनी विविधता और अनेकता के बावजूद अखंडता निरंतर कायम हो। हमारी तरक्की की बुनियाद में सैनिकशाही, तानाशाही या जोर-ज्यादती नहीं है; उदारता हमारी खूबसूरती है। इस उदारता की कद्र सभी को करनी चाहिए। हमारा देश हमसे उम्मीद लगाए हुए है। अनुशासन और परिश्रम से हमें अपने कर्तव्य को निभाना है। देश जब विकसित होने की ओर बढ़ रहा है, तब बार-बार याद कीजिए, बाबा साहब आंबेडकर ने क्या कहा था, स्वतंत्रता आनंद का विषय है।

# विकास के पथ पर

देश के 77वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लालकिले से देश को संबोधित करते हुए जहां अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं , वहीं आगे के लक्ष्य भी स्पष्ट किए। यह लालकिले से दिया गया प्रधानमंत्री के मौजूदा कार्यकाल का आखिरी भाषण था। यहां से अगला भाषण किसका होगा, यह 2024 के लोकसभा चुनावों के जरिए देश की जनता तय करने वाली है। लेकिन पीएम मोदी की खासियत कही जाएगी कि पूरे भाषण में उन्होंने कहीं भी इस अनिश्चितता की छाया नहीं पड़ने दी। करीब 90 मिनट के भाषण में प्रधानमंत्री ने कई नई योजनाओं की घोषणा की और पुरानी योजनाओं पर अच्छे ढंग से अमल के कारण होने वाले फायदों का जिक्र किया। विश्वकर्मा योजना, शहरी गरीबों को घर बनाने के लिए आर्थिक मदद और महिलाओं को ड्रोन बनाने की ट्रेनिंग देने की उनकी घोषणा ने खास तौर पर ध्यान खींचा। प्रधानमंत्री अमूमन देशवासियों को भाइयो और बहनो कहकर संबोधित करते रहे हैं, लेकिन इस बार उन्हें मेरे प्यारे परिवारजनों का संबोधन दिया। मणिपुर का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात की ओर ध्यान दिलाया कि घटनाएं भले पूर्वोत्तर के एक राज्य में हुई हों, उसकी पीड़ा पूरे देश में महसूस की जा रही है। उन्होंने शांति की अपील तो की ही, यह भी आश्वस्त किया कि केंद्र व राज्य सरकारें वहां सामान्य स्थिति बहाल करने के अपने दायित्व को पूरा करने में पूरी ताकत से लगी हुई हैं। भाषण की शुरूआत में ही मणिपुर मुद्दे से भागने के विपक्ष की आलोचनाओं का उन्होंने जवाब दे दिया। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि देश को विकास की राह पकड़ने के लिए करप्शन, परिवारवाद और तुष्टीकरण की राजनीति से आगे बढ़ना होगा। उनका इशारा यहां विपक्ष की ओर था। वैसे, इस अहम मौके पर नेता प्रतिपक्ष की खाली कुर्सी अच्छा संकेत नहीं दे रही थी। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे इस समारोह में शामिल नहीं हुए। इस पर विवाद हुआ, लेकिन बाद में खरगे ने कहा कि वह सुरक्षा कारणों से लालकिले के आयोजन में शामिल नहीं हुए। प्रधानमंत्री ने लालकिले के भाषण में देश से 2047 के लिए तैयार रहने को कहा, जब देश आजादी के 100 वर्ष पूरा करेगा। उन्होंने तब तक भारत को विकसित देश बनाने का संकल्प लेने को कहा।

# अखंड भारत : जो सपना जिंदा रहता है वही पूरा होता है

ANALYSIS



डॉ. पवन सिंह

**अखंड भारत स्वप्न नहीं हकीकत है: अखंड भारत का स्वप्न कुछ लोगों को असंभव लगता हो लेकिन यदि हम इतिहास का अवलोकन करेंगे, तो ध्यान आएगा कभी जो बातें असंभव लगा करती थी, कुछ समय के पश्चात वो संभव भी हुआ है। मनुष्य की उम्र कुछ वर्ष हुआ करती है पर देशों की उम्र हजारों-हजार वर्ष होती है। विश्व के ऐतिहासिक अनुभव हैं कि किसी भी देश का विभाजन स्थाई अथवा अटल नहीं होता। 1905 का बंगभंग, पुनः 1911 में एक हो गया। 2000 वर्ष पूर्व नष्ट इजराइल, मई 1948 में फिर से स्वतंत्र राष्ट्र बना। ह्यहोली रोमन एम्पायरह्ल शीघ्र नष्ट हो गया। न पवित्र रहा, न रोमन और न एम्पायर। विशाल ब्रिटिश साम्राज्य भी स्थाई न रहा। जर्मनी का विभाजन 1945 में, परन्तु 1989 में पूर्वी जर्मनी व पश्चिम जर्मनी को विभाजित करने वाली बर्लिन की दीवार गिरा दी गई, जर्मनी पुनः एक हो गया। दोनों वियतनाम एक हो गये। सोवियत संघ से 15 मध्य एशियाई देश अलग होकर पुनः स्वतंत्र राष्ट्र बन गये।**

अखंड भारत हमारे लिए केवल शब्द नहीं है। यह हमारी श्रद्धा, भाव, देशभक्ति व संकल्पों का अनवरत प्रयास है जिसे प्रत्येक देशभक्त जीवंत महसूस करता है। हम इस भूमि को माँ मानते हैं और पुत्रवत इस भूमि की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। हम कहते भी हैं- माताभूमिः पुत्रोहंपृथिव्याः। इसलिए माँ का प्रत्येक कष्ट हमारा अपना कष्ट है और एक माँ खंडित रहे, कष्ट में रहे, यह उसके पुत्र कैसे स्वीकार कर सकते हैं। समय -समय पर भारत खंडित कैसे हुआ, कौन-सी गलतियां हम से हुई। वो कौन से कारण रहे जिन्होंने इसकी पृष्ठभूमि लिखी इन सबका चिंतन, विभाजन की पीड़ा व पुनः अखंड होने का विश्वास व संकल्प ही इसका एक मात्र हल है । जब भारत की लाखों आँखों में पलने वाला यह अखंड भारत का सपना करोड़ों- करोड़ों हृदयों की धड़कन बन कर धड़कने लगेगा, तभी यह संभव होगा। अखंड भारत स्वप्न नहीं हकीकत है: अखंड भारत का स्वप्न कुछ लोगों को असंभव लगता हो लेकिन यदि हम इतिहास का अवलोकन करेंगे, तो ध्यान आएगा कभी जो बातें असंभव लगा करती थी, कुछ समय के पश्चात वो संभव भी हुआ है। मनुष्य की उम्र कुछ वर्ष हुआ करती है पर देशों की उम्र हजारों-हजार वर्ष होती है। विश्व के ऐतिहासिक अनुभव हैं कि किसी भी देश का विभाजन स्थाई अथवा अटल नहीं होता। 1905 का बंगभंग, पुनः 1911 में एक हो गया। 2000 वर्ष पूर्व नष्ट इजराइल, मई 1948 में फिर से स्वतंत्र राष्ट्र बना। ह्यहोली रोमन एम्पायरह्ल शीघ्र नष्ट हो गया। न पवित्र रहा, न रोमन और न एम्पायर। विशाल ब्रिटिश साम्राज्य भी स्थाई न रहा। जर्मनी का विभाजन 1945 में, परन्तु 1989 में पूर्वी जर्मनी व पश्चिम जर्मनी को विभाजित करने वाली बर्लिन की दीवार गिरा दी गई, जर्मनी पुनः एक हो गया। दोनों वियतनाम एक हो गये। सोवियत संघ से 15 मध्य एशियाई देश अलग होकर पुनः स्वतंत्र राष्ट्र बन गये। विभाजन विभीषिका को समझना होगा: 1947 में ही भारत का पहला व आखिरी विभाजन नहीं हुआ। वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र स्वरूप ने बहुत स्पष्ट शब्दों में कहा है कि भारत की सीमाओं का संकुचन 1947 से काफी पहले शुरू हो चुका था। सातवीं से नवीं शताब्दी तक लगभग ढाई सौ साल तक अकेले संघर्ष करके हिन्दू अफगानिस्तान इस्लाम के पेट में समा गया। हिमालय की गोद में बसे नेपाल, भूटान आदि जनपद अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण मुस्लिम विजय से बच गए। अपनी सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा के लिए उन्होंने राजनीतिक स्वतंत्रता का मार्ग अपनाया पर अब वह राजनीतिक स्वतंत्रता संस्कृति पर हावी हो गयी है। श्रीलंका पर पहले पुर्तगाल, फिर हालैंड और अन्त में अंग्रेजों ने राज किया और उसे भारत से पूरी तरह अलग कर दिया। यद्यपि श्रीलंका की पूरी संस्कृति भारत से गए सिंहली और तमिल समाजों पर आधारित है। दक्षिण पूर्वी एशिया के हिन्दू राज्य क्रमशः इस्लाम की गोद में चले गए किन्तु यह आश्चर्य ही है कि भारत से कोई सहारा न मिलने पर भी उन्होंने इस्लामी संस्कृति के सामने आत्मसमर्पण नहीं किया। इस्लामी उपासना पद्धति को अपनाने के बाद भी उन्होंने अपनी संस्कृति को जीवित रखा है और पूरे विश्व के सामने इस्लाम के साथ सह अस्तित्व का एक नमूना पेश किया। किन्तु मुख्य प्रश्न तो भारत के सामने है। तेरह सौ वर्ष से भारत की धरती पर जो वैचारिक संघर्ष चल रहा था उसी की परिणति 1947 के विभाजन में हुई। पाकिस्तानी टेलीविजन पर किसी ने ठीक ही कहा था कि जिस दिन आठवीं शताब्दी में पहले हिन्दू ने इस्लाम को कबूल किया उसी दिन भारत विभाजन के बीज पड़ गए थे। इसे तो स्वीकार करना ही होगा कि भारत का विभाजन हिन्दू-मुस्लिम आधार पर हुआ। पाकिस्तान ने अपने को इस्लामी देश घोषित किया। वहां से सभी हिन्दू-सिखों को बाहर खदेड़ दिया। अब वहां हिन्दू-सिख जनसंख्या लगभग शून्य है। विभाजन के नैरेटिव का मायाजालः विभाजन के कारणों की समीक्षा करने पर ध्यान आता है कि तात्कालिक नेतृत्व के मनों में भारत बोध का अभाव व राष्ट्र और भारतीय संस्कृति के बारे में भ्रामक धारणा थी। अंग्रेज अपनी चाल में सफल हुए और उनके द्वारा स्थापित बात कि भारत कभी एक राष्ट्र नहीं रहा और न है बल्कि यह तो अनेक राज्यों का मिश्रण है। उस समय देश के अधिकतर नेता भी इन्हीं बातों में आकर उन्हीं की भाषा बोलने लगे। सुरेंद्र नाथ बनर्जी द्वारा लिखी पुस्तक 'अ ठंइ्ङ्खल्ल ्ल्ल टं्ल्लॅ' का शीर्षक भी इसी बात की और इशारा करता है। अंग्रेजों ने उस समय एक और नैरेटिव स्थापित करने का प्रयास किया और उसमें भी उन्हें सफलता मिली कि जैसे मुसलमान व वे बाहर से आये हैं वैसे ही आर्य भी बाहर से आये हैं और वही अब हिंदू के नाम से जाने जाते हैं। समय-समय पर देश हित को पीछे छोड़ मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति ने भी विभाजन की बात को ओर हवा देने का काम किया। तुष्टिकरण के नाम पर भारत के मान बिंदुओं से समझौता किया गया। फिर चाहे वो करोड़ों देशवासियों में देशभक्ति के भाव को बढ़ाने वाला गीत ह्यवंदे मातरमह्ल के विरोध की बात हो, राष्ट्रीय ध्वज के रूप में भगवा रंग व चरखे को न मानने की बात हो, राष्ट्रीय जनसम्पर्क की भाषा के रूप में हिंदी को न स्वीकार करने की बात हो, गोहत्या बंदी की मांग का विरोध हो या फिर अनेक महापुरुषों का महत्व कम किये जाने की बात हो। इन मानबिन्दुओं पर होते आघात के कारण हिन्दुओं की आस्था के केंद्र बिंदु कम होते चले गए व मुस्लिम समाज में भी अलगाव बढ़ता गया। विदेशी आक्रांताओं ने समय-समय पर भारत पर हमले कर हमें पराधीन करने का प्रयास किया। हम पराधीन भी हुए, लेकिन कभी भी हमने पराधीनता स्वीकार नहीं की। हम उसके खिलाफ संघर्ष करते रहे। परंतु 1947 में हमारे अपने ही राजनैतिक नेतृत्व ने विभाजन को स्वीकार कर लिया। यह देशवासियों के लिए सबसे दुखद था। अंग्रेज जो स्वतंत्रता हमें जून 1948 तक देने वाले थे। वह 15 अगस्त 1947 को दी जाएगी, ऐसी घोषणा उनके द्वारा 3 जून 1947 को ही कर दी गयी। ताकि कांग्रेस व मुस्लिम लीग को पुनः सोचने का मौका न मिल सके और देश में इसके प्रतिरोध में भी वातावरण न बन सके। अपनी भूमिका तय करने का समयः आज हम सबके सामने प्रश्न यह है कि हम केवल पुरानी बातों का रोना न रोते हुए, आज हम अखंड भारत के लिए क्या कर सकते हैं, यह सोचना होगा। यह हमारा व आने वाली पीढ़ियों का दायित्व है कि हम इस अखंड भारत के स्वप्न को पूरा करेंगे। यही दृढ संकल्प हमारे आगे के रास्ते को प्रशस्त करेगा। यह कार्य हम ही प्रारंभ करेंगे ऐसा नहीं है, हमारे पूर्वजों ने भी इस कार्य को जारी रखा। इसी कारण आज हम इस अखंड भारत के विषय में अपनी भूमिका के बारे में सोच पा रहे हैं। प्रसिद्ध विद्वानों के निष्कर्षों तथा कथनों से भी ध्यान में आता है कि भारत का विभाजन स्थायी नहीं है। जनरल करिअप्पा ने कहा है कि भारत फिर से संगठित (एक) होगा। महर्षि अरविन्द के शब्दों में हम स्थाई विभाजन के निर्णय को स्वीकार नहीं करते। महात्मा गाँधी के अनुसार दोनों की सांस्कृतिक एकता तथा दोनों में लचीलापन ही दोनों को एक बनाने का प्रयत्न करेगा। प्रसिद्ध लेखक-वान वाल्बोनवर्ग ने भी कहा था कि भौगोलिक दृष्टि से भारत और पाकिस्तान का विभाजन इतना तर्कहीन है कि आश्चर्य होता है कि यह कितने समय तक चल सकेगा? हम अखंड भारत को साकार होते हुए देखेंगे: भारत की अखंडता का आधार भूगोल से ज्यादा सांस्कृतिक है। अखंड भारत कब होगा यह कहना कठिन है। लेकिन भारत फिर से अखंड होगा ही यह तय है क्योंकि यही भारत की नियति भी है। और हम सब तो सौभाग्यशाली हैं क्योंकि हमने अपनी आँखों से पिछले कुछ समय में बहुत सी असंभव लगने वाली बातों को संभव होते हुए देखा है। फिर चाहे वो श्रीराम मंदिर निर्माण का विषय हो, अनुच्छेद 370 की समाप्ति या फिर तीन तलाक का मामला। हम ह्ययाचि देही, याचि डोलाह्ल (यानि इन्हीं आँखों से व इसी शरीर से) को मानने वाले लोग हैं। अखंड भारत की आकांक्षा के साथ साथ हमें अपने लिए कुछ करने वाली बातें भी तय करनी होगी। हमें समाज की कमियों को पहचान कर उसको दूर करने के लिए तत्पर रहना,अपने आप को संगठित रखना, अपने सिद्धांतों को व्यवहार में उतारना व जीवन में उसका प्रकटीकरण दिखना, देशहित के बारे में सोचने वाले बंधुओं को व समाज की सज्जन शक्ति को साथ लेकर चलना। इन सब बातों का ध्यान रखते हुए नित्यप्रति अखंड भारत का स्वप्न अपनी आँखों में रखना।

**लेखक, जेसी बोस विश्वविद्यालय, फरीदाबाद में एसोसिएट प्रोफेसर हैं।**

# भारत के कृषि क्षेत्र को बदल सकता है पीएमकेएसके

आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 के अनुसार, देश की लगभग 65% आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और 47% आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है। कृषि एक समयबद्ध गतिविधि है जिसमें उत्पादन और उत्पादकता को अधिकतम करने के लिए सही समय पर सही कृषि-इनपुट की आवश्यकता होती है। कृषि-इनपुट कृषि के आवश्यक तत्व हैं और एक कुशल वितरण प्रणाली कृषि आय की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भारत में इनपुट सेवाओं का नेटवर्क बिखरा हुआ है और साइलो में बीज, उर्वरक, कीटनाशकों और उपकरणों के लिए अलग-अलग डीलर नेटवर्क काम कर रहे हैं। इसके अलावा, मिट्टी, बीज, उर्वरक की जांच की सुविधाएं और विभिन्न योजनाओं की जानकारी अलग-अलग एजेंसियों के माध्यम से असंबद्ध और टुकड़ों में किसानों तक पहुंचती है। यह व्यवस्था एक समुचित निर्णय लेने के लिए



प्रौद्योगिकी-आधारित समग्र जानकारी प्रदान करने में विफल रहता है। जिसका समाधान सरकार द्वारा समर्थित एक छत के नीचे किसानों को समग्र सुविधाएँ प्रदान करने में निहित है, जिस पर किसान भरोसा कर सकें और उसका पालन कर सकें। अतीत में, निजी क्षेत्र ने किसानों के इनपुट और सेवाओं के लिए ऐसे ही केंद्रों के मॉडल को दोहराने की कोशिश की है, लेकिन काफी हद तक असफल रहा। इस प्रकार, मौजूदा उर्वरक खुदरा दुकानों को वन-स्टॉप शॉप समाधान, प्रधान मंत्री किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके) में बदलने का विचार किसानों की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक स्थायी और दीर्घकालिक समाधान के रूप में सामने आया है। इस कार्यक्रम ने देश के कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन की शुरूआत की है। किसानों को सशक्त बनाने और कृषि विकास को बढ़ावा देने की दृष्टि से, इस पहल का उद्देश्य कृषि इनपुट, सूचना और सेवाओं तक पहुंच को आसान बनाना, किसानों के जीवन का उत्थान करना और देश की प्रगति में योगदान देना है। पीएमकेएसके पहल के तहत, लगभग 280,000 सक्रिय खुदरा उर्वरक दुकानें किसानों के लिए व्यापक वन-स्टॉप शॉप में चरणबद्ध रूपांतरण के दौर से गुजर रही हैं। इसके मूल में, पीएमकेएसके किसानों को परेशानी मुक्त तरीके से उर्वरक, बीज और कीटनाशक, ड्रोन सेवाओं और कीटनाशकों सहित छोटी कृषि मशीनरी सहित कृषि-इनपुट की एक विविध श्रृंखला की पेशकश केंद्रित है। एक महत्वपूर्ण पहलू मिट्टी और बीज परीक्षण सुविधाओं का प्रावधान भी है। किसानों को उनकी विशिष्ट मिट्टी और फसल की स्थितियों के बारे में ज्ञान प्रदान करके, ये सुविधाएं उचित निर्णय लेने, अनुकूलित संसाधन उपयोग और उच्च पैदावार को सक्षम बनाती हैं। यह सटीक कृषि और संसाधन-कुशल कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देता है। इसके अलावा, पीएमकेएसके एक ज्ञान केंद्र के रूप में काम करते हैं, जो फसलों और सरकारी कल्याण योजनाओं पर महत्वपूर्ण जानकारी का प्रसार करते हैं। सूचना अंतर को पाटते हुए, ये केंद्र किसानों को सही विकल्प चुनने के लिए सशक्त बनाते हैं, जिससे उनकी दक्षता और आय में वृद्धि होती है। इसका उद्देश्य लाखों किसानों के जीवन को सरल बनाना है। हाल के घटनाक्रम इसकी सफलता को दर्शाते हैं। 27 जुलाई को राजस्थान के सीकर में आयोजित पीएम-किसान सम्मेलन जैसे एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने 125,000 पीएमकेएसके राष्ट्र को समर्पित किए। देशभर के लगभग 20 मिलियन किसानों की व्यापक भागीदारी इस पहल पर अंतिम उपयोगकताओं तक पहुंच की सकारात्मक मुहर दिखाती है। सफलता का अंदाजा विभिन्न हितधारकों के बीच एकता और गर्व की भावना से भी लगाया जा सकता है। एक हालिया सर्वेक्षण से पता चला है कि केंद्रों पर आने वाले किसानों की संख्या में पहले से ही 15-20% की वृद्धि हुई है और यह पाया गया है कि वे पीएमकेएसके के माहौल और उपलब्ध इनपुट से खुश हैं। इन पीएमकेएसके के माध्यम से नैनो यूरिया की बिक्री भी 6 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। उर्वरक कंपनियों द्वारा समर्थित ड्रोन उद्यमी उर्वरकों और रसायनों के छिड़काव को बेहतर तरीके से बढ़ावा देने के लिए धीरे-धीरे किसानों को पीएमकेएसके के साथ जोड़ पा रहा है। राज्यों, केवीके और डीलरों के बीच बढ़ते संबंधों के परिणामस्वरूप ज्ञान और सेवाओं का सफल प्रसार हुआ है। पीएमकेएसके पहल किसानों को सशक्त बनाने और देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ को मजबूत करने में गेम चेंजर साबित हो रही है। कृषि इनपुट्स और नॉलेज तक पहुंच को सरल बनाकर, आधुनिक प्रौद्योगिकियों के साथ किसानों को सशक्त बनाकर और टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देकर, पीएमकेएसके कृषक समुदाय के लिए समृद्धि के एक नए युग की शुरूआत कर रहे हैं।

# Social Media Corner

सच के हक में...




मैं भारत के 140 करोड़ लोगों के साथ मिलकर उल्लेखनीय अटल जी को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उनके नेतृत्व से भारत को बहुत लाभ हुआ। उन्होंने हमारे देश की प्रगति को बढ़ावा देने और कई क्षेत्रों में इसे 21वीं सदी में ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



मां काली के अनन्य भक्त और महान संत रामकृष्ण परमहंस जी को उनकी पुण्यतिथि पर शत-शत नमन। परमहंस जी ने अध्यात्म के दीप से सम्पूर्ण जगत को प्रकाशित किया। वे मानव सेवा और करुणा को सबसे बड़ा धर्म मानते थे। समानता व बंधुत्व के उनके दिखाए मार्ग हमें सदैव प्रेरित करते रहेंगे।

**(गृह मंत्री अमित शाह के ट्विटर अकाउंट से)**



झारखंड विधानसभा परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई जी की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजलि अर्पित की । अटल जी का व्यक्तित्व और उनका कर्तव्य परायण जीवन हम सब के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# महान क्रांतिकारी मदन लाल ढींगरा का बलिदान

स्वत्व और स्वाभिमान रक्षा के लिये क्राँतिकारियों ने केवल भारत की धरती पर ही अंग्रेज अधिकारियों को गोली मारकर मौत की नींद नहीं सुलाया अपितु लंदन में भी क्रूर अंग्रेजों के सीने में गोलियां उतारी। क्राँतिकारी मदन लाल ढींगरा ऐसे ही क्राँतिकारी थे जिन्होंने लंदन में भारतीयों का अपमान करने वाले अधिकारी वायली को पाँच गोलियाँ मार कर ढेर कर दिया था। सुप्रसिद्ध क्राँतिकारी मदनलाल धींगरा का जन्म 18 सितंबर 1883 को पंजाब प्राँत के अमृतसर नगर में हुआ था। परिवार की पृष्ठभूमि सम्पन्न और उच्च शिक्षित थी। पिता दित्तामल जी सिविल सर्जन थे और आर्यसमाज से जुड़े थे। पर स्थानीय अंग्रेज अधिकारियों के भी विश्वस्त माने जाते थे। जबकि माताजी अत्यन्त धार्मिक एवं भारतीय संस्कारों में रची-बसी थीं। वे आर्यसमाज के प्रवचन आयोजनों में नियमित श्रोता थीं। इस प्रकार मदनलाल ढींगरा को बचपन से ही अंग्रेज और भारतीय परंपरा दोनों का परिचय मिल गया था । लेकिन जब विद्यालय गये तो वहाँ उन्होंने भारतीय विद्यार्थियों के साथ अपमान जनक व्यवहार देखा जिसका प्रतिरोध किया । शिकायत घर पहुँची । पिता ने समन्वय बिठाकर शिक्षा प्राप्त करने की सलाह दी । इसी मानसिक द्वन्द में किसी प्रकार विद्यालयीन शिक्षा पूरी हुई और आगे पढ़ने के लिये लाहौर महाविद्यालय पहुँचे। जहाँ के वातावरण में वे समन्वय न बना सके । मदनलाल महाविद्यालय से निकाल दिये गये। वे पिता की पोजीशन में वाधा न बनना चाहते थे अतएव घर छोड़कर चले गये । जीवन यापन के लिये उन्होंने पहले क्लर्क की नोकरी की पर उन्हें वहाँ भी अपने स्वाभिमान पर आघात अनुभव हुआ और नोकरी छोड़कर मुम्बई आ गये जहाँ तांगा चलाने लगे । साथ ही एक कारखाने में भी नौकरी कर ली । जहाँ श्रमिकों के शोषण से उद्वेलित हुये और उन्होंने एक श्रमिक संगठन बना लिया। इस संगठन के माध्यम से वे प्रबंधकों द्वारा श्रमिकों के साथ सम्मान जनक व्यवहार करने का अभियान चलाने लगे । किन्तु बात न बनी । वे प्रबंधन की किरकिरे बने और निकाल दिये गये । कुछ दिन यूँ ही बीते अंततः परिवार ने उनसे संपर्क साधा और समझा बुझाकर आगे पढ़ने के लिये लंदन भेज दिया । मदनलाल जी 1906 में पढ़ने के लिये इंग्लैण्ड गये जहाँ यूनिवर्सिटी कालेज लन्दन की अभियांत्रिकी शाखा में प्रवेश लिया। यह वो समय था जब लंदन में पढ़ने वाले भारतीय विद्यार्थियों में राष्ट्र भाव अंगड़ाई ले रहा था । वे भारतीय विद्यार्थियों को हीन समझने की अंग्रेजी मानसिकता से उद्वेलित हो रहे थे। इन विद्यार्थियों में सुप्रसिद्ध राष्ट्रवादी विचारक विनायक दामोदर सावरकर एवं श्यामजी कृष्ण वर्मा बड़े लोकप्रिय थे और एक प्रकार से समन्वय थे। समय के साथ मदनलाल ढींगरा इनके सम्पर्क में आये और सावरकर द्वारा गठित संस्था अभिनव भारत से जुड़ गये। इसी क्रान्तिकारी संस्था में उन्होंने शस्त्र चलाने का प्रशिक्षण लिया। लंदन का इण्डिया हाउस भारतीय विद्यार्थियों के क्रियाकलापों का केन्द्र हुआ करता था। मदनलाल ढींगरा इसी इंडिया हाउस में रहते थे। इन्ही दिनों खुदीराम बोस, कन्हाई लाल दत्त, सतिन्दर पाल और काशी राम जैसे क्रान्तिकारियों को मिले मृत्युदण्ड ने इन विद्यार्थियों को मानो विचलित कर दिया। इससे भारतीय युवाओं में रोष उत्पन्न हुआ। यह समाचार अंग्रेज अधिकारियों से छिपा न रहा। लंदन में पढ़ रहे भारतीय विद्यार्थियों की गतिविधियों को सीमित करने के कुछ आदेश भी निकले। इससे सावरकर और मदनलाल धींगरा जैसे क्राँतिकारी और उद्वेलित हुए। प्रतिशोध लेने के लिये अंग्रेज अधिकारी विलियम हट कर्जन वायली को मारने की योजना बनाई गई। इसके लिये इंडियन नेशनल एसोसिएशन के वार्षिक आयोजन का दिन निश्चित किया गया।

# I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



आपसी प्रतिस्पर्धा का होना कोई बुरी बात नहीं है। बल्कि यूं कहें कि प्रतिस्पर्धा से आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उत्साह व जोश का संचार होता है। लेकिन यह काफी महत्व रखता है कि प्रतिस्पर्धा किस प्रकार की और किस हद तक होनी चाहिए। कहा भी जाता है कि अत्यधिक मीठा जहर समान हो जाता है। उसी प्रकार प्रतिस्पर्धा में भी आगे बढ़ने का जोश होना चाहिए। जुनून होना चाहिए लेकिन यह जोश व जुनून खुद को आगे बढ़ाने के लिए होना चाहिए। अगर प्रयोजन में सफलता मिलती नहीं दिख रही तो कमियों की तलाश कर उसे दूर करने की कोशिश करनी चाहिए। प्रतिस्पर्धा मे ईर्ष्या व द्वेष का स्थान नहीं होना चाहिए। इसी आपसी प्रतिस्पर्धा की परिणति रहा मोरहाबादी इलाके में दो लोगों की गोली मारकर हत्या। लोगों की चर्चा और पुलिस की जांच में जो बात सामने आ रही है उससे यही कि दुकान लगाने को लेकर आपसी प्रतिस्पर्धा में हत्याकांड को अंजाम दिया गया। कहा गया है कि अति बुरी होती है। इस मामले में भी कुछ ऐसा ही था। जूस की दुकान लगानेवाले दो लोगों के बीच दुश्मनी इतनी बढ़ गई थी कि बड़ी घटना हो गई। हालांकि इसमें एक बड़ा सवाल यह भी है कि क्या इस घटना को रोका जा सकता था। दरअसल, इस तरह की घटना की आशंका जताते हुए पुलिस के पास शिकायत की गई थी लेकिन शायद पुलिस ने ऐसे परिणाम की कल्पना नहीं की होगी। हालांकि दो पुलिसकर्मियों के निलंबन की कार्रवाई की गई है। इससे उम्मीद की जानी चाहिए कि पुलिस ऐसी शिकायतों को भी गंभीरता से लेगी।

**तनवीर आलम, युवा नेता आजसू पार्टी।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# आगामी एशिया कप और विश्व कप के लिए रवि शास्त्री का सुझाव, मध्यक्रम की समस्या का निकाला समाधान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने सुझाव दिया है कि भारत अपने लाइन-अप में विविधता लाने के लिए आगामी एशिया कप और एकदिवसीय विश्व कप के लिए अपने शीर्ष 7 बल्लेबाजी स्थानों में तीन बाएं हाथ के बल्लेबाजों को शामिल करने पर विचार करे।

शास्त्री ने इशान किशन को विकेटकीपर के रूप में सुझाया जो काफी समय से भारतीय वनडे टीम में शामिल हैं। इसके अलावा प्रबंधन तिलक वर्मा या यशस्वी जयसवाल में से किसी एक युवा को शामिल करने पर भी विचार कर सकता है। शास्त्री ने कहा, 'मुझे लगता है कि आपके द्वारा बताए गए शीर्ष चार के अलावा, तीन अन्य पद हैं जहां दो बाएं हाथ के खिलाड़ियों को आना होगा। अब यह वह जगह है जहां चयनकर्ताओं की भूमिका आती है क्योंकि वे देख रहे हैं। वे जानते हैं कि कौन सा लड़का हॉट है।'

शास्त्री ने कहा, 'तिलक वर्मा आकर्षक हैं, उन्हें अंदर लाएं। अगर आपको लगता है कि जयसवाल आकर्षक हैं तो उन्हें लाएं।' 'तो अगर आप पिछले छह से आठ महीनों से इशान किशन के साथ बने हुए हैं और वह विकेटकीपिंग करने जा रहा है, तो वह किसी भी स्थिति में आता है। लेकिन दो बाएं हाथ के खिलाड़ी लें। जडू सहित शीर्ष पर तीन बाएं हाथ के खिलाड़ी होने चाहिए। इशान किशन पिछले 15 महीने से कीपिंग कर रहे हैं। कहीं और क्यों जाएं?'।

शास्त्री ने तिलक वर्मा पर भी निशाना साधा और उनका मानना है कि भारत आगामी मेगा आयोजनों के लिए भारत के मध्य क्रम में एक स्थान के लिए इस युवा खिलाड़ी पर विचार कर सकता है। हालांकि तिलक ने अभी तक एकदिवसीय क्रिकेट में भाग नहीं लिया है, लेकिन उनकी पहली टी20आई श्रृंखला उल्लेखनीय थी और उन्होंने अपने सधे हुए शॉट चयन और प्रभावशाली संयम के लिए शास्त्री और अन्य लोगों से प्रशंसा प्राप्त की। शास्त्री ने कहा, तिलक वर्मा से बहुत प्रभावित हूं। और मुझे एक बाएं हाथ का खिलाड़ी चाहिए। अगर मैं एक बाएं हाथ के खिलाड़ी की तलाश में हूं, तो मैं वास्तव में उसी दिशा में देखूंगा।'



# वायकॉम 18 ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के डिजिटल अधिकार हासिल किए



**मुंबई (एजेंसी)।** वायकॉम 18 ने जियोसिनेमा पर विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप बुडापेस्ट 23 को लाइव-स्ट्रीम करने के लिए विशेष डिजिटल अधिकार हासिल करने की घोषणा की। 19 से 27 अगस्त तक दुनिया के सर्वश्रेष्ठ एथलीट खिताब के लिए बुडापेस्ट में एक दूसरे का सामना करेंगे। भारतीय दल में 28 एथलीट शामिल होंगे जिसमें ओलंपिक चैंपियन और 2022 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता नीरज चोपड़ा शामिल हैं। एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने के बाद लंबी कूद के खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर पर भी निगाहें होंगी।

28 एथलीटों में से 15 पहली बार वर्ल्ड्स में प्रतिस्पर्धा करेंगे। 19 साल की उम्र में पूर्व विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता शैली सिंह दल की सबसे कम उम्र की सदस्य हैं। वायकॉम 18 स्पोर्ट्स के रणनीति, साझेदारी और अधिग्रहण के प्रमुख हर्ष श्रीवास्तव ने कहा, 'विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप बुडापेस्ट 23 के अधिकारों को सुरक्षित करना हमारे दर्शकों को उनके पसंदीदा मंच पर बिना किसी बाधा के शीर्ष स्तरीय वैश्विक खेल संपत्तियों की पेशकश करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हम प्रशंसकों को एक सम्मोहक प्रस्तुति की पेशकश करने के लिए उत्साहित हैं जिसमें लाइव एक्शन के नाटक और रोमांच के साथ-साथ चैंपियनशिप के लिए भारत के सर्वश्रेष्ठ एथलीटों की यात्रा की विशेष झलक शामिल है।' लाइव-व्यूइंग अनुभव को बेहतर बनाने के लिए जियोसिनेमा 360-डिग्री कवरेज पेश करेगा जिसमें विशिष्ट भारतीय एथलीटों पर पूर्वावलोकन, विशेष साक्षात्कार, विश्लेषण और विशेषज्ञ राय शामिल होगी। दर्शक जियोसिनेमा (आईओएस और एंड्रायड) डाउनलोड करके अपने पसंदीदा खेल देख सकते हैं।

# एशियाई हॉकी विश्व कप क्वालीफायर: भारतीय महिला और पुरुष टीमों का ऐलान

**–एशियाई हॉकी विश्व कप क्वालीफायर में मनदीप ओर नवजोत होंगे पुरूष और महिला टीमों के कप्तान**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हॉकी इंडिया ने ओमान में होने वाले एशियाई हॉकी विश्व कप क्वालीफायर के लिए भारतीय पुरुष और महिला टीम की घोषणा कर दी है। इसमें डिफेंडर मनदीप मोर को पुरुष जबकि मिडफील्डर नवजोत कौर को महिला टीम का कप्तान बनाया गया है। पुरूष हॉकी टूर्नामेंट 29 अगस्त से दो सितंबर तक जबकि महिला हॉकी टूर्नामेंट 25 से 28 अगस्त तक खेला जाएगा। मिडफील्डर मोहम्मद राहील मोदीन टीम के उपकप्तान होंगे। पुरूष टीम में गोलकीपर सूरज करकेरा, जुगराज सिंह, दिप्सन टिर्की, मनजीत और मोर डिफेंस में होंगे। मिडफील्ड की जिम्मेदारी मनिंदर सिंह और मोदीन के हाथ में होगी जबकि पवन राजभर और गुरजोत सिंह फॉरवर्ड पंक्ति में रहेंगे। महिला टीम की उपकप्तान ज्योति बनाय गयी हैं, टीम में गोलकीपर बंसारी सोलंकी है जबकि डिफेंस में अक्षता ढेकाले, महिमा चौधरी और सोनिया देवी शामिल हैं। कप्तान नवजोत और अजमिना कुजूर मिडफील्ड की जिम्मेदारी संभालेंगी जबकि मरियाना कुजूर, ज्योति और डिपि मोनिका टोप्पो स्ट्राइकर रहेंगी।

**भारतीय पुरूष टीम**

गोलकीपरः सूरज करकेरा, डिफेंडर : जुगराज सिंह, दिप्सन टिर्की, मनजीत, मनदीप मोर (कप्तान), मिडफील्डरः मनिंदर सिंह, मोहम्मद राहिल, मोदीन , फॉरवर्ड : पवन राजभर, गुरजोत सिंह, स्टैंडबाय : प्रशांत कुमार चौहान, सुखविंदर, आदित्य सिंह, अरूण साहनी

**भारतीय महिला टीम**

गोलकीपर : बंसारी सोलंकी, डिफेंडर : अक्षता ढेकाले, महिला चौधरी, सोनिया देवी , मिडफील्डर : नवजोत कौर (कप्तान), अजमिना कुजूर , फॉरवर्डः मरियाना कुजूर, ज्योति, डिपि मोनिका टोप्पो , स्टैंडबाय : के रम्या, निशि यादव, प्रियंका यादव, रितान्या साहू।

# पहली बार किसी गेंदबाज की कप्तानी में टी20 सीरीज में उतरेगी भारतीय टीम

**–बुमराह के पास सहवाग को पीछे छोड़ने का मौका**



**मुम्बई (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। ये सीरीज 18 अगस्त से शुरू हो रही है। बुमराह लंबे समय के बाद इस सीरीज से वापसी करेंगे। इससे उनकी फिटनेस का भी पता चल जाएगा। पहली बार किसी विशेषज्ञ गेंदबाज की कप्तानी में भारतीय टी20 टीम उतर रही है। बुमराह यदि सीरीज में 2 भी मैच जीत लेते हैं, तो पूर्व कप्तान वीरेंद्र सहवाग के एक मैच जीतने के रिकार्ड को पीछे छोड़ देंगे।

टीम इंडिया की ओर से अब तक 10 खिलाड़ियों ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में कप्तानी की है। इस प्रकार बुमराह कप्तानी करने वाले 11वें खिलाड़ी होंगे। पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने कप्तान के तौर पर सबसे अधिक 41 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले जीते हैं। वहीं रोहित शर्मा की कप्तानी में 39, विराट कोहली की कप्तानी में 30 और हार्दिक पंड्या की कप्तानी में 10 टी20 मैच जीते है. अन्य कोई भारतीय कप्तान 10 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं जीत पाया है। भारत और आयरलैंड के बीच अब तक 5 टी20 के मुकाबले खेले गए हैं और सभी मैच भारतीय टीम जीतने में सफल रही है। इस बार भी भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार है।

टीम इंडिया की ओर से सुरेश रैना ने कप्तान के तौर पर 3, ऋषभ पंत ने 2 जबकि शिखर धवन, अजिंक्य रहाणे, केएल राहुल और सहवाग ने एक-एक टी20 मैच जीते हैं।

दुनिया में कप्तान के तौर पर सबसे अधिक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच जीतने वाले खिलाड़ियों की बात करें, तो पाकिस्तान के बाबर आजम संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। बाबर के अलावा इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ऑयन मॉर्गन और अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान असगर अफगान ने 42-42 टी20 मुकाबले जीते हैं।

आजम ने अब तक पाकिस्तान की ओर से 71 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में कप्तानी की है। 42 में जीत मिली है जबकि 23 में उन्हें हार मिली है। 6 मैच का परिणाम नहीं आया है।

आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में सभी की नजरें रिंकू सिंह पर रहेंगी। रिंकू ने आईपीएल 2023 में आक्रामक बल्लेबाजी की थी। इसके अलावा जितेश शर्मा, तिलक वर्मा, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल भी इस सीरीज में धमाम मचा सकते हैं। भारत और आयरलैंड के बीच 3 टी20 मैच 18, 20 और 23 अगस्त को खेले जाएंगे।

### आयरलैंड दौरे के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है

जसप्रीत बुमराह (कप्तान), ऋतुराज गायकवाड़ (उप-कप्तान), यशस्वी जायसवाल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), शिवम दुबे, वॉशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, रवि बिश्नोई, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार और आवेश खान।

# पेरिस सेंट जर्मेन को छोड़ अल हिलाल से जुड़े नेमार



रियाद। छह सत्र पेरिस सेंट जर्मेन के साथ खेलने के बाद ब्राजील के स्टार फुटबॉलर नेमार अल हिलाल क्लब से जुड़ गए। खबरों के अनुसार नेमार के साथ 9 करोड़ यूरो (9.80 करोड़ डॉलर) का करार हुआ है जो सऊदी प्रो लीग में एक रिकॉर्ड है। रिकॉर्ड 18 बार की राष्ट्रीय चैम्पियन अल हिलाल के साथ नेमार ने दो साल का करार किया है जिससे उन्हें सालाना दस करोड़ डॉलर वेतन मिलेगा। यह अल नासर के लिए खेलने वाले क्रिस्टियानो रोनाल्डो के वेतन से आधा है। समझा जाता है कि नेमार बार्सीलोना के साथ फिर जुड़ना चाहते थे लेकिन स्पेन का यह क्लब उन्हें इतना मोटा पैकेज नहीं दे पा रहा था।

# कार हादसे के बाद पहली बार बल्लेबाजी करते दिखे ऋषभ, दर्शकों ने बढ़ाया हौंसला



बेंगलुरु । टीम इंडिया के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत गत वर्ष हुए कार हादसे के बाद पहली बार बल्लेबाजी के लिए मैदान पर उतरे। ऋषभ अभी राष्ट्रीय खेल अकादमी (एनसीए) में रिहैब के दौर से गुजर रहे हैं। पिछले कुछ समय में उनकी कई तस्वीरें सोशल मीडिया में आई है जिसमें वे कभी जिम में अभ्यास करते या सीढ़ियां चढ़ते हुए नजर आए हैं। अब उनका एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह पहली बार मैदान में बल्लेबाजी करते दिखे। एक प्रशंसक ने ऋषभ का वीडियो शेयर किया है जिसमें वह पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरते हैं। मैदान में उतरने से पहले वह मैदान को चूमते हैं और इसके बाद बिना किसी सहारे के स्वयं चलकर क्रीज पर जाते हैं और बल्लेबाजी करते हुए कुछ शॉट खेलते हैं। इस दौरान हालांकि वह कुछ पूरी तरह से सहज नहीं दिखे। इस दौरान मैदान में आये दर्शकों ने उनका उत्साह बढ़ाया। ये भी माना जा रहा है कि विश्व कप को देखते हुए ही इस आक्रामक बल्लेबाज को तैयार करने का प्रयास चल रहा है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) का पूरा प्रयास है कि ये विकेटकीपर-बल्लेबाज तब तक अपनी फिटनेस हासिल कर ले। हालांकि अभी तक इस बारे में आधिकारिक रुप से कुछ नहीं कहा गया है।

# ऑस्ट्रेलिया को हराकर इंग्लैंड महिला विश्वकप के फाइनल में, अब मुकाबला स्पेन से

**सिडनी (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने बुधवार को यहां सह मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 3-1 से हराकर पहली बार महिला विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना स्पेन से होगा। ऑस्ट्रेलिया की सुपरस्टार सैम केर टूर्नामेंट में पहली बार शुरूआती एकादश में शामिल थी।

उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए एकमात्र गोल भी किया लेकिन यह यूरोपीय चैंपियन इंग्लैंड को हराने के लिए पर्याप्त नहीं था। पहले हाफ में पूरी तरह से इंग्लैंड का दबदबा रहा। इला टूने ने 36वें मिनट में गोल करके इंग्लैंड को 1-0 से बढ़त दिला दी। केर ने 63वें मिनट में बराबरी का गोल किया जिससे स्टेडियम में मौजूद 75 हजार से अधिक दर्शकों ने राहत की सांस ली।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों और प्रशंसकों की खुशी हालांकि ज्यादा देर तक नहीं रही। लोरेन हेंप ने 71वें मिनट में गोल करके इंग्लैंड को फिर से बढ़त दिला दी जबकि एलेसिया रुसो ने नियमित समय का खेल समाप्त होने से चार मिनट पहले गोल करके उसकी जीत सुनिश्चित कर दी। इंग्लैंड और स्पेन पहली बार महिला विश्वकप के फाइनल में पहुंचे हैं। इन दोनों टीमों के बीच रविवार को खिताबी मुकाबला होगा। ऑस्ट्रेलिया शनिवार को तीसरे स्थान के प्लेऑफ मैच में स्वीडन से भिड़ेगा।



# अल्काराज ने साल की 50वीं जीत दर्ज की, सिनसिनाटी ओपन के दूसरे चरण में थॉम्पसन को हराया



मेसन । स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने बुधवार को सिनसिनाटी ओपन 2023 के दूसरे चरण में ऑस्ट्रेलिया के जॉडर्न थॉम्पसन को हराकर इस साल की अपनी 50वीं जीत दर्ज की। अल्काराज़ ने मंगलवार को शुरू हुए वर्षाबाधित मैच में अपने ऑस्ट्रेलियाई प्रतिद्वंदी को 7-5, 4-6, 6-3 से हराया, हालांकि उनकी अर्द्धशतकीय जीत की खुशी उनके औसत दर्जे के प्रदर्शन के नीचे छुप गयी। शीर्ष वरीयता प्राप्त अल्काराज़ विश्व के नंबर 55 खिलाड़ी थॉम्पसन के खिलाफ लयविहीन नजर आए। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी 5-2 की बढ़त बनाने के बाद पहला सेट हार गए, लेकिन अल्काराज की अप्रत्याशित गलतियों की सहायता से दूसरा सेट 6-4 से जीतने में कामयाब रहे। वर्षाबाधित मैच में अल्काराज़ ने अंततः तीसरा सेट शुरू होने से पहले अपनी लय हासिल की और सिर्फ आधे घंटे में सेट जीतकर जीत अपने नाम की। अल्कराज ने कहा, 'यह आसान मैच नहीं था लेकिन अंत में मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ स्तर मिला। हम मैच खेलने के लिये पूरे दिन इंतजार कर रहे थे। फिर जब आप कोर्ट पर कदम रखते हैं तो आपको बारिश से शुरुआत करनी होती है, इसलिए यह आसान नहीं था। आपको इस प्रकार की स्थिति में इन मैचों को जीतने का तरीका ढूंढना होगा।' अल्काराज़ की 50वीं जीत इस साल उनके 12वें टूर्नामेंट में आई है, जबकि पिछले साल उन्हें 50 विजयों के लिए अपने 14वें टूर्नामेंट अमरीकी ओपन का इंतजार करना पड़ा था। इस सत्र में ब्यूनस आयर्स, इंडियन वेल्स, बार्सिलोना, मैड्रिड, क्वीन्स और विंबलडन में ट्रॉफियां जीत चुके अल्काराज़ 2023 का अपना सातवां खिताब तलाश रहे हैं। प्री-क्वार्टरफाइनल में अल्काराज का सामना फ्रांस के ऊगो हम्बर्ट और अमरीका के टॉमी पॉल में से किसी एक से होगा।

# एशिया कप के लिए जमकर पसीना बहा रहे विराट


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली आजकल एशिया कप की तैयारियों में लगे हुए हैं। एशिया कप इसी माह के अंत में शुरु होगा। विराट ने सोशल मीडिया पर स्वतंत्रता दिवस के दिन का एक वीडियो भी साझा किया है, इसमें वह जिम में अभ्यास करते दिख रहे हैं। एशिया कप इस बार एकदिवसीय प्रारुप में खेला जाएगा। ऐसे में इन टूर्नामेंट से टीम को अक्टूबर में होने वाले विश्वकप के लिए अभ्यास का अच्छा अवसर मिलेगा। एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान के पास है पर भारतीय टीम के मैच श्रीलंका में खेले जाएंगे। इस पूर्व कप्तान ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर एक वीडियो भी साझा किया है। इसमें वह ट्रेडमील पर पसीने से लथपथ दौड़ते हुए नजर आ रहे हैं। उन्होंने साथ ही लिखा, 'छुट्टी है फिर भी भागना तो पड़ेगा।' उनके इस वीडियो को प्रशंसकों ने काफी पसंद किया है।



एशिया कप में भारतीय टीम अपने सभी मैच श्रीलंका में खेलेगी। भारतीय टीम 2 सितंबर को पाकिस्तान से भिड़ेगी। इसमें भी भारतीय बल्लेबाजी विराट पर आधारित रहेगी। एशिया कप में भारत को पाकिस्तान और नेपाल के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। इसमें भारत और नेपाल की टीमों के बीच 4 सितंबर को मुकाबला होगा।

# वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन : अमरीका में 2021 के बाद पहला मैच हारे जोकोविच

मेसन । तेईस बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नोवाक जोकोविच अमेरिका में 2021 के बाद पहला मैच हारे जब उन्हें वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन में युगल मैच में पराजय का सामना करना पड़ा। जोकोविच और निकोला काचिच को जैमी मूरे और माइकल वीनस ने 6.4, 6.2 से हराया। जोकोविच कोरोना टीकाकरण नहीं कराने की वजह से अमेरिका में पिछले दो साल में कई टूर्नामेंट नहीं खेल सके थे। विम्बलडन फाइनल में कार्लोस अल्काराज से हारने के बाद जोकोविच का यह पहला प्रतिस्पर्धी मैच था। एकल में उनका सामना अलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना से होगा। महिला वर्ग में पूर्व अमरीकी ओपन चैम्पियन स्लोएने स्टीफेंस ने गत चैम्पियन कैरोलिन गार्सिया को 4.6, 6.4, 6.4 से हराकर पहली बार तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। पांचवीं वरीयता प्राप्त ओंस जबाउर ने अन्हेलिना कालिनिना को 6.3, 6.7, 7.6 से हराया।



# एशिया कप में खेलने वाले अधिकतर खिलाड़ी ही विश्वकप में खेलेंगे

**मुम्बई (एजेंसी)।** अक्टूबर-नवंबर में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप की मेजबानी में होने वाले विश्वकप के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) टीम तैयार करने में लग गया है। एकदिवसीय विश्वकप में अब दो माह से भी कम समय बचा है। इसके लिए करीब 20 सदस्यों का दल तैयार किया जाएगा जिसमें दस खिलाड़ियों की जगह पहले ही पक्की है। एशिया कप के बाद टीम की तस्वीर और साफ हो जाएगी। एशिया कप एकदिवसीय प्रारुप में खेला जाएगा। जिससे इसमें वही खेलेंगे जो विश्वकप में भाग लेंगे।

2019 में हुए एकदिवसीय विश्व कप के बाद टीम इंडिया के बल्लेबाजों का प्रदर्शन देखें, तो 4 खिलाड़ियों ने 3 या उससे अधिक शतक लगाये हैं। उन्होंने 1100 से अधिक रन भी बनाए हैं। ऐसे में इनका विश्वकप में खेलना तय है। विराट कोहली का प्रदर्शन एकदिवसीय में सबसे अच्छा रहा है। उन्होंने 38 मैच की 37 पारियों में 46 की औसत से टीम की ओर से सबसे अधिक 1612 रन बनाए हैं।

कप्तान रोहित शर्मा ने पिछले विश्व कप के बाद से ही एकदिवसीय की 27 पारियों में 47 की औसत से 1167 रन बनाए हैं। जिसमें 3 शतक और 6 अर्धशतक शामिल हैं। 159 रन सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। स्ट्राइक रेट 102 का है। सर्जरी के कारण वापसी की राह देख रहे केएल राहुल ने 30 पारियों में 49 की औसत से 1282 रन बनाए हैं। वह विकेटकीपर बल्लेबाज के तोर पर टीम में जगह के प्रबल दावेदार हैं।

युवा शुभमन गिल ने भी इस दौरान बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उन्होंने 208 रन की अनुभवी पारी खेली। शुभमन ने 22 पारियों में 72 की औसत से 1295 रन बनाए हैं। इसमें 4 शतक और 5 अर्धशतक लगाये हैं। वहीं श्रेयस अय्यर ने पिछले 4 साल में वनडे में 33 पारियों में 47 की औसत से 1421 रन बनाए हैं। वह हालांकि अभी तक फिट नहीं है पर विश्वकप तक उनके फिट होने की टीम प्रबंधन को उम्मीद है।

गेंदबाजी की बात करें, तो तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने 23 मैच में 19 की औसत से 43 विकेट लिए हैं। 32 रन देकर 4 विकेट बेस्ट प्रदर्शन है। इस दौरान वे रैंकिंग में नंबर-1 तक भी पहुंचे। ऐसे में उनका विश्व कप में खेलना तय है। लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने 21 पारियों में 37 और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने 23 पारियों में 35 विकेट लिए हैं। जसप्रीत बुमराह ने इस दौरान 14 एकदिवसीय में 18 विकेट लिए हैं। वे भी चोट के बाद रिहैब से गुजर रहे हैं। फिट होने पर उनका खेलना भी तय है। ऑलराउंडर के तौर पर हार्दिक पंड्या की भी जगह पक्की है। पंड्या ने पिछले 4 साल में एकदिवसीय में 17 पारियों में 39 की औसत से 627 रन बनाए हैं। इसमें 5 अर्धशतक हैं।



# अदा शर्मा ने खुद को बताया धरती पर मौजूद सबसे भाग्यशाली लड़की

बॉलीवुड एक्ट्रेस अदा शर्मा ने हाल ही में फिल्म 'द केरल स्टोरी' फिल्म से ब्लॉकबस्टर सफलता हासिल की हैं। 'द केरल स्टोरी' अब तक की महिला प्रधान फिल्मों में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है। इस फिल्म की सक्सेस के बाद अदा की लोकप्रियता में जबरदस्त इजाफा हुआ है। अदा के पास इस समय कई प्रोजेक्ट्स की लाइन लगी हुई है। कमांडो फैंचाइज़ी से अपनी एक्शन छवि के लिए जानी जाने वाली अदा आगे एक अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट में एक महिला सुपर हीरो की भूमिका निभाती नजर आएंगी। अदा हाल ही में रिलीज हुई कमांडो सीरीज में भावना रेड्डी की भूमिका निभा रही हैं। अदा की सीरीज के एक्शन और पंचलाइन डायलॉग्स के वीडियो और एडिट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। अदा कहती हैं, मेरे सपनों को साकार करने के लिए आप सभी को धन्यवाद!! मैं जीवित सबसे भाग्यशाली लड़की हूं! दो महीने की अवधि में किसे एक पीड़ित (TheKeralaStory मैं बंदूकों से डरती हूं) और फिर एक रक्षक (कमांडो –मुठभेड़ विशेषज्ञ भावना रेड्डी) की भूमिका निभाने को मिलता है...और आप सभी इन दोनों भूमिकाओं के लिए मुझ पर इतना प्यार बरसा रहे हैं। अदा ने कहा, चूंकि आप मुझे अलग-अलग किरदार निभाने के लिए स्वीकार करते हैं, मेरी अगली रिलीज में, मैं कुछ बहुत ही उम्म्म्म... अनोखा किरदार निभाऊंगी, मुझे उम्मीद है कि आपको वह भी पसंद आएगा! (मुझे लगता है कि दिवाली के आसपास रिलीज हो रही है) आपके सभी कमांडो संपादन ने मेरा दिन बना दिया और अभी भी केरल स्टोरी आपके सभी कमांडो एडिटस ने मेरा दिन बना दिया और अभी भी केरल स्टोरी आर्ट पर टैग किया जा रहा है, ऐसा लगता है वाह।






# रेड साड़ी पहन श्वेता तिवारी ने बिखेरे हुस्न का जलवा

टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी 42 साल की उम्र में भी अपनी हॉट एंड ग्लैमरस तस्वीरों से इंटरनेट पर तहलका मचा देती है। श्वेता का स्टाइलिश अंदाज देखकर कहना मुश्किल है कि वह दो बच्चों की मां हैं। हॉटनेस के मामले में श्वेता अपनी 22 साल की बेटी पलक तिवारी को भी मात देती नजर आती हैं। हाल ही में श्वेता ने रेड कलर की साड़ी में अपनी कुछ तस्वीरें शेय की है। श्वेता ने अपनी इस सिंपल सी साड़ी को बोल्ड लुक देने के लिए मैचिंग डीपनेक ब्लाउज कैरी किया है। श्वेता तिवारी ने ग्लॉसी मेकअप, खुले बालों और कानों में झूमके पहनकर अपने लुक को कम्प्लीट किया है। तस्वीरों में श्वेता हॉट अंदाज में पोज देती नजर आ रही हैं। स्वीरों में श्वेता तिवारी का कातिलाना अंदाज देखने को मिल रहा है। फैंस श्वेता की तस्वीरों पर जमकर कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'इनकों बचपन से देखते देखते हम बुढ़े हो गए मगर ये है कि दिन पे दिन जवान होशए जा रही हैं।' एक अन्य ने लिखा, 'आप अपनी बेटी से भी खूबसूरत हैं।' बता दें कि श्वेता तिवारी को 'कसौटी जिंदगी की' सीरियल से जबरदस्त पहचान मिली है। वह कई टीवी शोज और रियलिटी शोज में नजर आती रहती हैं। एक्ट्रेस फिलहाल टीवी शो 'मैं हूं अपराजिता' में नजर आ रही हैं।



# चॉकलेटी बॉय कार्तिक आर्यन को मिला शादी का प्रपोजल

मेलबर्न में चॉकलेटी बॉय कार्तिक आर्यन को शादी का प्रपोजल मिला है। बाद में हालांकि फैंस ने सिर्फ गले मिलकर ही काम चला लिया। बता दें कि फिल्म सत्यप्रेम की कथा के प्रीमियर पर एक बेहद ही दिलचस्प वाकया हुआ। बॉलीवुड के चॉकलेटी बॉय कार्तिक आर्यन को यहां एक लड़की ने शादी का प्रपोजल दे दिया। गौरतलब है कि अभिनेता कार्तिक आर्यन ने मेलबर्न में भारतीय फिल्म महोत्सव में हिस्सा लिया। जहां उनकी फिल?म सत्यप्रेम की कथा का प्रीमियर रखा गया। कार्तिक यहां अपने फैंस के बीच छाए रहे। अभिनेता ने यहां अपने प्रशंसकों के सवालों के जवाब भी दिए। मगर इन सबके बीच एक ऐसी फैन भी थी जिसने अभिनेता को शादी का प्रस्ताव दे डाला। जिस थिएटर में फिल्म दिखाई जा रही थी वहां एक फैन ने कार्तिक से कहा, मुझे आपसे यह सवाल दोबारा पूछने का मौका शायद कभी न मिले, लेकिन क्या आप मुझसे शादी करेंगे? शरमाते हुए कार्तिक ने कहा कि एक यहां प्रेम कहानी पूछ रहा है, एक ने शादी का प्रपोजल दे दिया। हो क्या रहा है? यहां मुझे अपना स्वयंवर लग रहा है। इसके बाद फैन ने कार्तिक को गले मिलने के लिए कहा, जिस पर उन्होंने कहा, आप गले मिल सकते हैं।

जानकारी के अनुसर कार्तिक आर्यन ने आईएफएफएम का हिस्सा बनने के लिए अपना उत्साह साझा करते हुए कहा कि मैं मेलबर्न में भारतीय फिल्म महोत्सव का हिस्सा बनकर वास्तव में रोमांचित हूं। मेलबर्न में यह मेरा पहला मौका है और मैं सत्यप्रेम की कथा की स्क्रीनिंग के लिए यहां हूं। सत्यप्रेम की कथा एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है जिसमें अहमदाबाद के एक मध्यवर्गीय लड़के सत्यप्रेम को फिल्म की पात्र कथा से एकतरफा प्यार हो जाता है। इस फिल्म का निर्देशन समीर विदवान्स ने किया है। इस फिल्म में कियारा आडवाणी, सुप्रिया पाठक, गजराज राव और शिखा तल्सानिया सहित कई अन्य कलाकार शामिल हैं।

# भूमि की फिल्म थैंक यू फॉर कमिंग का टीआईएफएफ-2023 में होगा वर्ल्ड प्रीमियर

भूमि पेडनेकर की आगामी फिल्म थैंक यू फॉर कमिंग का प्री?मियर टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (टीआईएफएफ) में होने वाला है। यह फिल्म एक उभरती हुई कॉमेडी है, जिसका निर्देशन करण बुलानी ने किया है और इसे राधिका आनंद और प्रशस्ति सिंह ने लिखा है। थैंक यू फॉर कमिंग 15 सितंबर, 2023 को रॉय थॉमसन हॉल में प्रदर्शित की जाएगी। फिल्म में शहनाज गिल, डॉली सिंह, कुशा कपिला, शिबानी बेदी, प्रधुम्न सिंह मॉल, नताशा रस्तोगी, गौतमिक, सुशांत दिवगिकर, सलोनी दैनी, डॉली अहलूवालिया, करण कुंद्रा और अनिल कपूर हैं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए भूमि पेडनेकर ने कहा कि टीआईएफएफ में यह मेरा पहला मौका है। मुझे खुशी है कि मैं एक ऐसी फिल्म के साथ वहां जा रही हूं जो मेरे दिल के बहुत करीब है। इसे और भी स्पेशल बनाने वाली बात यह है कि हमें रॉय थॉम्पसन हॉल में गाला प्रीमियर के लिए चुना गया है। भूमि ने बताया कि एक आधिकारिक चयन के रूप में और हमारे द्वारा देखे जाने के बाद, मैं आने वाले अनुभव के लिए बेहद उत्साहित हूं। मैंने कभी भी इतने बड़े और विविध दर्शकों के साथ अपनी फिल्म देखने का अनुभव नहीं किया। मेरे को-एक्टर्स, डायरेक्टर करण बुलानी और हमारे प्रोड्यूर्स अनिल कपूर और रिया कपूर के साथ रेड कार्पेट पर चलना यादगार होने वाला है। भूमि ने आगे कहा कि एक भारतीय एक्टर के रूप में, मुझे गर्व है कि मैं इस इवेंट में अपने देश का प्रतिनिधित्व करूंगी। थैंक यू फॉर कमिंग उन युवा लड़कियों की असीम भावना का जश्न मनाती है जो प्यार की तलाश में हैं और वे जीवन से जो चाहती हैं उसे चुनने की आजादी के लिए कैसे लड़ती हैं।



# दर्शकों को सालार 2 की रिलीज का इंतजार

निर्देशक सालार 2 की शूटिंग शुरू करने से पहले फिल्म को जल्द ही फ्लोर पर लाएंगे। दर्शकों को इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। सालार- पार्ट 1 – सीज़फायर के एक्शन पैक्ड टीज़र के बाद फिल्म को लेकर बढ़ती प्रत्याशा के बीच जहां दर्शकों को इस फिल्म की रिलीज का इंतजार है, वहीं हम फैन्स के लिए केजीएफ चैप्टर 3 से जुड़ी एक बड़ी अपडेट लेकर आए हैं। दरअसल सालार सबसे बड़े एक्शन निर्देशक प्रशांत नील की फिल्म हैं, जो केजीएफ चैप्टर 1 और 2 जैसी सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के पीछे भी रहें है। ऐसे में लोगों की नजर केजीएफ चैप्टर 3 पर भी है, और जिसकी झलकियां सामने आई हैं जिसे होम्बले फिल्म्स ने इस फ्रेंचाइजी के दूसरे पार्ट यानी केजीएफ चैप्टर 2 की पहली एनीवर्सरी के मौके पर जारी किया है। इससे वास्तव में यह जानने की उत्सुकता बढ़ाई है कि निर्देशक प्रशांत नील केजीएफ चैप्टर 3 पर कब काम शुरू करने जा रहे हैं।




# संजय दत्त-अरशद वारसी के बाद इस एक्टर की हुई 'वेलकम 3' में एंट्री

साल 2007 में रिलीज हुई फिल्म 'वेलकम' को बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता मिली थी। फिल्म में उदय शेट्टी और मजनू भाई के किरदार को दर्शकों का खूब प्यार मिला था। ये दोनों किरदार फिल्म के सीक्वल 'वेलकम बैक' में भी नजर आए थे। फिल्म में उदय का किरदार नाना पाटेकर और मजनू का किरदार अनिल कपूर ने? निभया था।

हाल ही में 'वेलकम' फ्रेंचाइजी का तीसरा पार्ट अनाउंस हुआ है। इसके बाद से ही फिल्म से जुड़ी कई अपडेट सामने आ रही है। बीते दिनों खबर आई थी कि 'वेलकम 3' में नाना पाटेकर और अनिल कपूर नहीं होंगे। इनकी जगह संजय दत्त और अरशद वारसी दिखेंगे।

वहीं अब एक और एक्टर की 'वेलकम 3' में एंट्री हो गई है। सुनील शेट्टी भी इस हिट फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनने जा रहे हैं। वेलकम 3 में अब अक्षय कुमार के साथ सुनील की जोड़ी बहुत धमाकेदार होने वाली है। पिंकविला की रिपोर्ट्स के अनुसार वेलकम 3 के लिए सुनील शेट्टी खूब एक्साइटेड हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक सुनील शेट्टी से जुड़ष एक सूत्र ने बताया कि सुनील और फिरोज दोनों ही करीबी दोस्त हैं। इसी के चलते जब उनके पास फिल्म के लिए ऑफर आया तो वह और ज्यादा एक्साइटेड हो गए। उनका रोल कॉमिक ही है, लेकिन इसमें भरपूर नयापन देखने को मिलेगा।

बता दें कि अक्षय कुमार 'वेलकम बैक' का हिस्सा नहीं थे। उनकी जगह जॉन अब्राहम नजर आए थे। अब अक्षय तीसरे पार्ट में वापसी कर रहे हैं। 'वेलकम 3' की स्क्रिप्ट पूरी हो चुकी है और इसकी शूटिंग अगले साल शुरू होगी। फिल्म का टाइटल 'वेलकम टू द जंगल' है। इस फिल्म को अगले साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज किए जाने की तैयारी है।



